दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

• नई दिल्ली। सोमवार 26 मई-2025 • वर्ष: 10 अंक: 156 पेज-08 • RNI NO. DELHI/2015/65364 • मूल्य: ₹3










# मन की बात में बोले पीएम, बदलते भारत की तस्वीर है ऑपरेशन सिंदूर




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने कहा कि बस से कहीं आना-जाना कितनी सामान्य बात है, लेकिन मैं आपको एक ऐसे गांव के बारे में बताना चाहता हूं, जहां पहली बार एक बस पहुंची। इस दिन का वहां के लोग वर्षों से इंतजार कर रहे थे। और जब गांव में पहली बार बस पहुंची तो लोगों ने ढोल-नगाड़े बजाकर उसका स्वागत किया। गांव में पक्की सड़क थी, लोगों को जरूरत थी, लेकिन पहले कभी यहां बस नहीं चल पाई थी। क्यों, क्योंकि ये गांव माओवादी हिंसा से प्रभावित था। यह जगह है महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में, और इस गांव का नाम है, काटेझरी। काटेझरी में आए इस परिवर्तन को आसपास के पूरे क्षेत्र में महसूस किया जा रहा है। अब यहां हालात तेजी से सामान्य हो रहे हैं। माओवाद के खिलाफ सामूहिक लड़ाई से अब ऐसे क्षेत्रों तक भी बुनियादी सुविधाएं पहुंचने लगी है। गांव के लोगों का कहना है कि बस के आने से उन लोगों का जीवन बहुत आसान हो जाएगा।

पीएम मोदी ने कहा कि 'मन की बात' में हम छत्तीसगढ़ में हुए बस्तर ओलंपिक और माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में साइंस लैब पर चर्चा कर चुके हैं। यहां के बच्चों में साइंस का

पैशन है। वो स्त्रङ्क१३२ में भी कमाल कर रहे हैं। ऐसे प्रयासों से पता चलता है कि इन इलाकों में रहने वाले लोग कितने

विस्तृत खबर, पृष्ठ 2

## कांगो की धरती से सांसद अतुल गर्ग ने दिया आतंकवाद के खिलाफ बड़ा संदेश, कहा

# पाकिस्तान देता है आतंक को शह और इसे बर्दाश्त नहीं करेगा भारत



### चार जून की सुबह गाजियाबाद लौट आएंगे सांसद अतुल गर्ग

करंट क्राइम। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग विदेशी दौरे पर हैं। वो एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में उस प्रतिनिधिमंडल में है जिसमें दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज भी शामिल हैं। यह दल पूरे बल के साथ विदेश की धरती पर भारत के पक्ष को रख रहा है। करंट क्राइम से बातचीत में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि तीन देशों की यात्रा पर गया भारत का प्रतिनिधिमंडल चार जून को भारत लौटेगा। उन्होंने बताया कि चार जून की सुबह वह प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत लौटेंगे और चार जून को वो गाजियाबाद आएंगे।

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग इन दिनों तीन देशों की राजकीय यात्रा पर हैं। वो सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडल में पाकिस्तान के आतंकवादी रोल को लेकर भारत का पक्ष रख रहे हैं। उन्होंने मजबूती से अपने देश की बात को रखा है। रविवार को लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कांगो से दैनिक करंट क्राइम से दूरभाष पर वार्ता की।

उन्होंने कहा कि हमने अपने देश का पक्ष रखा है। सोमवार को कांगो के विदेश मंत्री से मुलाकात करेंगे। वो भारत के नागरिकों से मिलेंगे, उद्योगपतियों से मिलेंगे और कांगो की मीडिया से बातचीत करेंगे। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि हमने कांगो में भी इसी बात को दोहराया है कि पाकिस्तान आतंकवादी गतिविधियों में शामिल हैं। वह एक ऐसा देश है जो आतंक का समर्थन करता है। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि हमने दृढता के साथ अंतर्राष्ट्रीय मंच पर इस बात को रखा है कि अब किसी भी आतंकी गतिविधियों को भारत बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि हमने यूएई में भी इसी बात को रखा था और यूएई ने ये कहा था कि भारत पर हमला यूएई पर हमला माना जाएगा। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि कांगो के बाद लाइबेरिया तथा अन्य देशों में जाएंगे। उन्होंने दोहराया कि हम अपने पक्षको मजबूती के साथ रख रहे हैं। अपने अनुभव साझा करते हुए सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि हमने विदेश में भारत के पक्ष को मजबूती के साथ रखा है और ज्यादातर देशों की राय पाकिस्तान के खिलाफ है।

सर्वदलीय सांसद दौरे को जरूरी बताते हुए सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि हमें अंतर्राष्ट्रीय प्लेटफार्म पर भारत के पक्ष को भी रखना था और पाकिस्तान द्वारा पोषित किये जा रहे आतंकवाद की जानकारी भी देनी थी। वैश्विक जगत में स्थिति स्पष्ट करने के लिये यह जरूरी है कि भारतीय प्रतिनिधिमंडल अलग-अलग देशों में जाएं और पूरी बात को रखें। उन्होंने कहा कि हम वैश्विक जगत को यह समझाने में सफल रहे हैं कि भारत में आतंकी हमले को अंजाम पाकिस्तान के सहयोग से ही दिया गया।

हम अपनी बात को रख रहे हैं और अधिकांश देश पास्तिान के खिलाफ हैं। क्योंकि पूरा विश्व आतंकवाद से मुक्ति चाहता है और उन देशों का बहिष्कार करना चाहता है जो आतंकवाद को बढ़ावा दे रहे हैं।

# आंधी-तूफान में गिरी एसीपी ऑफिस अंकुर विहार की छत मलबे में दबकर दरोगा की दर्दनाक मौत

## एसीपी दफ्तर का निर्माण करने वाले ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज, दो गिरफ्तार

### - डीसीपी ग्रामीण बोले विवेचना में जांचा जाएगा कैसे किया गया था निर्माण कार्य



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शनिवार की देर रात आई तेज आंधी और बारिश के दौरान ग्रामीण जोन के अंतर्गत आने वाले अंकुर विहार एसीपी कार्यालय की छत भरभरा कर गिर गई। बताया जा रहा है कि उसका निर्माण कार्य गुणवत्ता वाला नहीं था, जिसकी वजह से यह हादसा हुआ है। वहीं इस दर्दनाक हादसे में उत्तर प्रदेश पुलिस के एक सब इंस्पेक्टर की दर्दनाक मौत हो गई है।

मृतक दरोगा वीरेंद्र मिश्रा की तैनाती एसीपी कार्यालय में ही थी, उनकी आकस्मिक मृत्यु की खबर सुनते ही पुलिस विभाग गाजियाबाद में शोक की लहर आ गई। हालांकि इस मामले में डीसीपी ग्रामीण के निर्देश पर लोनी बॉर्डर थाने में मुकदमा लिखा गया है। जिसके बाद पुलिस ने निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार की लापरवाही मानते हुए ठेकेदार आशीष व बल्लू चौधरी को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसीपी अंकुर विहार अजय सिंह ने जानकारी दी है कि पुलिस ने इस मामले में आशीष और निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार को गिरफ्तार कर लिया है।

### पुलिस अधिकारियों ने राजकीय सम्मान से दी दरोगा को श्रद्धांजलि



करंट क्राइम : अंकुर विहार एसीपी ऑफिस में उप निरीक्षक वीरेंद्र मिश्रा की दर्दनाक हादसे में मौत हो गई। जिसके बाद रविवार को उनका पोस्टमार्टम कर पुलिस लाइन में उनको कंधा देकर राजकीय सम्मान के साथ भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय कल्पना सक्सेना, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध एवं कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी, डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल, डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी, डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल, एसीपी लाइन सहित अन्य पुलिस के अधिकारियों ने उनके पार्थिव शरीर को कंधा देते हुए राजकीय सम्मान के साथ भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

### रात को एसीपी ऑफिस में सोए ,सुबह पुलिस लाइन की मीटिंग में होना था शामिल



करंट क्राइम : जीवन में कब कौन सा हादसा हो जाए और कौन सा पल आखरी हो जाए ,कहां नहीं जा सकता है। अंकुर विहार एसीपी ऑफिस में तैनात वीरेंद्र मिश्रा ने शायद ही कभी सोचा होगा कि शनिवार की रात उनके लिए अंतिम रात साबित होगी। वह रात को जूम मीटिंग में भाग लेने के बाद एसीपी ऑफिस में ही सो गए थे, रविवार की सुबह 10 बजे उनको पुलिस लाइन में आयोजित होने वाली एक मीटिंग में भाग लेना था, इसकी तैयारी करते करते रात को सोए और देर रात आंधी तूफान आने के दौरान एसीपी ऑफिस की छत गिर गई, जिसके नीचे दबकर उनकी दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सुबह करीब 6 :30 एसीपी घटनास्थल पर पहुंचे थे, निरीक्षण किया और अधिकारियों को इस पूरे हादसे की जानकारी दी गई।

### लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर बोले ठेकेदार, इंजीनियर और अधिकारियों की भी हो जांच



करंट क्राइम : अंकुर विहार एसीपी दफ्तर हादसे में मृतक वीरेंद्र मिश्रा की दर्दनाक मौत पर लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने दुख जाहिर करते हुए कहा है कि इस पूरे मामले में निर्माण करने वाले ठेकेदार, इंजीनियर और अधिकारियों की भी संयुक्त की जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह इंजीनियर रहे हैं, जिस तरीके का निर्माण लंबी-लंबी लोहे की सरिया के सहारे किया गया था, उससे लोहा झुक गया था। घटना स्थल पर देखकर लग रहा था कि इसमें निर्माण सामग्री भी घटिया इस्तेमाल की गई है। वहीं लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा है कि अगर इस प्रकार का हादसा दिन के वक्त होता तो कई अन्य लोगों की भी इस हादसे में दर्दनाक मृत्यु हो सकती थी। कई अधिकारी, फरियादी और पुलिसकर्मी भी इसकी चपेट में आ सकते थे। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार जीरो टॉलरेंस वाली है। इस मामले में गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच कराई जानी चाहिए ताकि दोषियों पर कार्रवाई हो सके और सरकारी पैसे के बंदर बांट में शामिल लोगों का खुलासा हो। उन्होंने कहा है कि दो साल पहले जो निर्माण कार्य करवाएं गए वैसे इतनी जल्दी कैसे गिर सकता है इसको लेकर भी उन्होंने सवाल उठाएं हैं।

### पूरे मामले में विवेचना के दौरान होगी पूरी जांच : डीसीपी ग्रामीण



करंट क्राइम : एसीपी अंकुर विहार के कार्यालय हादसे को लेकर डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी का कहना है कि इस पूरे मामले में मुकदमा लिख लिया गया है। आरोपी ठेकेदार गिरफ्तार हो गए हैं। साथ ही इस मामले की विवेचना के क्रम में यह भी जांचा जाएगा कि निर्माण कार्य में किस तरीके की लापरवाही बरती गई थी। वहीं निर्माण की सामग्री कैसी रही, इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि ठेकेदार की फाइल को आगे बढ़ाने वाले अधिकारियों के भी बयान दर्ज किया जा सकते हैं। उधर चर्चा है कि इस पूरे मामले में पुलिस के लेखाधिकारियों पर भी निगरानी रखी जाएगी।

# नोडल अधिकारी आईएएस डा. हीरालाल को निरीक्षण में मिली कमियां दो कंपनियों के काटे चार लाख रुपए

### - एचटीपी के जेई और एई को लगाई निरीक्षण के दौरान फटकार

### - गौशाला का भी किया निरीक्षण, 15 गौवंश मिले बीमार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बीते दिनों शासन स्तर से निर्माण कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण कराए जाने और अलग-अलग संचालित योजनाओं के भौतिक सत्यापन के लिए नामित नोडल आईएएस अधिकारी डॉ. हीरालाल ने गाजियाबाद में दो दिनों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने औरंगाबाद और पट्टी गांव मोदीनगर में गौशाला का निरीक्षण किया। तो वहीं जल जीवन मिशन के तहत भी कई अन्य कार्यों का हाल जाना। इसके साथ ही 50 करोड़ रुपए से बड़े प्रोजेक्ट जिसमें पेयजल योजना और करहैड़ा में बने बिजली घर के साथ ही एचटीपी का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मौके पर निरीक्षण करते हुए आईएएस अधिकारी डॉ. हीरालाल ने अमृत 2.0 कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीकृत गाजियाबाद सीवरेज योजना करहैड़ा जोन के निर्माण कार्यों का भौतिक सत्यापन किया है। इस दौरान उन्हें योजना के निर्माण में लगी मैसेज खिलारी इन्फोटेक लिमिटेड मुंबई और टीसीएल अहमदाबाद कंपनी के कार्य में लापरवाही मिलने पर लगभग चार लाख रुपये काटने का निर्देश भी अधिकारियों को दिया है। इसके साथ ही आईएएस अधिकारी डॉ. हीरालाल द्वारा पट्टी गांव की गौशाला का निरीक्षण करने के साथ ही जल जीवन मिशन अन्य कई कार्य योजनाओं का भी सत्यापन एवं भौतिक निरीक्षण किया।

### गौशाला में 15 गोवंश मिले बीमार, आइएएस डॉ. हीरालाल ने दिए वृक्षारोपण और सोलर पॉवर प्लांट लगाने के निर्देश

करंट क्राइम : मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा जनपद गाजियाबाद में जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल से नल योजना और गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण करने के लिए आईएएस अधिकारी डॉ. हीरालाल मुख्य आयुक्त एवं निबंधन सहकारी समिति उत्तर प्रदेश दो दिन गाजियाबाद में रहे। रविवार को विजय नगर स्थित जल निगम के गेस्ट हाउस में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने बताया है की पट्टी गौशाला और औरंगाबाद गौशाला में जो गौवंश व उनके रहने के स्थान पर फर्श था वह ठीक नहीं था, इसको ठीक करवाने के लिए कहा गया है। इस दौरान उन्होंने गोवंशों को गर्मी एवं धूप से बचाव के लिए वृक्षारोपण करने की अधिकारियों को सलाह दी है। साथ गोवंशों के लिए गड्ढा खोदकर पानी का प्रबंध करने का भी निर्देश दिया गया है। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि यहां पीपीपी मॉडल के तहत सोलर प्लांट की व्यवस्था की जाए। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने पशु चिकित्सा अधिकारी को यहां रखे गोवंशों की ठीक प्रकार से देखरेख और समय पर उनको भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। इस दौरान उन्होंने डॉक्टर को टाइट किया और यहां के 15 गोवंशों की चिकित्सा दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

### जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी की आइएएस डॉ हीरालाल ने की तारीफ



करंट क्राइम : गाजियाबाद के भौतिक सत्यापन के लिए नामित नोडल अधिकारी के रूप में पहुंचे इस आइएएस डॉ. हीरालाल ने दो दिन तक स्थलीय निरीक्षण करने के बाद गाजियाबाद के जिलाधिकारी दीपक मीणा और मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल के वर्किंग की सराहना की है। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से दोनों अधिकारियों द्वारा दोनों गौशाला में कर्मचारियों को अलग-अलग काम बांटा गया है, इससे वह प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि वह प्रमुख सचिव को गाजियाबाद के इस कार्य की रिपोर्ट देंगे ताकि इसे प्रदेश के अन्य शहरों में भी लागू किया जा सके। इससे कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय होगी, वह अपने कार्यक्षेत्र में ठीक प्रकार से काम कर सकेंगे।

### जूनियर इंजीनियर और असिस्टेंट इंजीनियर को लगाई फटकार

करंट क्राइम : आईएएस अधिकारी डॉ. हीरालाल मीणा ने निरीक्षण के दौरान टेक्निकल कमेटी की रिपोर्ट का अध्ययन किया है। साथ ही सिंचाई विभाग के अधिकारी जिसमें जूनियर इंजीनियर व असिस्टेंट इंजीनियर शामिल हैं, उन्हें फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि आप लोग ठीक प्रकार से किसी भी प्रोजेक्ट का ना तो सर्वे करते हैं ,ना उसकी रूपरेखा तैयार करते हैं और ना मौजूदा हालात और स्थिति पर अपडेट होते हैं। पढ़ाई लिखाई के साथ वर्किंग में सुधार के लिए लगातार अपडेट रहने की भी सलाह उनके द्वारा दी गई। साथ ही उन्होंने कहा है कि जिसकी वजह से सरकारी काम लेट होता है और उनकी गुणवत्ता भी ठीक नहीं रहती है।

### करहैड़ा स्थित सीवरेज योजना का भी लिया जाएगा

करंट क्राइम : नोडल अधिकारी के रूप में गाजियाबाद आए आईएएस अधिकारी डॉ. हीरालाल ने बताया है कि 23 मई की रात से लेकर 25 मई तक वह गाजियाबाद में रुके। इस दौरान करहैड़ा सीवरेज योजना और वसुंधरा में 220 केवीए के बन रहे बिजली घर का निरीक्षण किया गया है। उन्होंने कहा हालांकि है पीपीपी मॉडल के तहत बन रहा है, जिसका 80% कम हो गया, इसकी क्वालिटी थोड़ी सुधार की आवश्यकता वाली है। इसके उन्होंने इस डीएम दीपक मीणा को निर्देश भी दिए हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अलग-अलग कार्य स्थल पर योजना से संबंधित समस्त विवरण बड़े साइज का साइन बोर्ड लगाने का निर्देश दिया है। साथ ही इसमें अधिकारियों, कर्मचारियों और फर्म का विवरण अंकित होना चाहिए, इसका भी निर्देश दिया गया है।

### अधिकारियों को निर्देश हाउसिंग कोऑपरेटिव पर दिया जाए ध्यान

करंट क्राइम : गाजियाबाद में निरीक्षण के दौरान डॉ. हीरालाल जो की मुख्य आयुक्त एवं निबंधन सहकारी समिति उत्तर प्रदेश हैं और गाजियाबाद के नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए थे। उन्होंने कहा है कि गाजियाबाद-नोएडा और आसपास के जिलों में हाउसिंग कोऑपरेटिव की बड़ी-बड़ी सोसाइटियां है। यहां हाउसिंग के लिए आवास विकास को अभियान चलाना चाहिए। उन्हें बताया है कि अपरायुक्त आवास विनय मिश्रा को हाउसिंग कोऑपरेटिव पर नजर रखने के लिए बीते दिनों भेजा गया था। उन्होंने कहा कि उन्होंने जिलाधिकारी और अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इन सभी हाउसिंग कोऑपरेटिव में 11 तरीके के अलग-अलग रजिस्टर रहने चाहिए। इसमें कब बैठक होगी, कब क्या निर्णय लिया जा रहा है। कहां विवाद चल रहा है, क्या अनियमितता है और क्या परेशानी आ रही है, इसका पूरा विवरण होना चाहिए।

# दिल्ली-एनसीआर में बारिश का कहर... सड़कों पर भरा पानी

## नोएडा में आंधी के साथ आई बारिश ने मचाई तबाही, बिजली आपूर्ति ठप, 100 फ्लाइट्स पर असर






**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में शनिवार देर रात मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल गया है। कई इलाकों में तेज आंधी के साथ भारी बारिश देखने को मिली। दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम, गाजियाबाद सहित एनसीआर के अन्य इलाकों में बीती रात जमकर बारिश हुई। राष्ट्रीय राजधानी में भारी बारिश और आंधी के बाद दिल्ली के कई इलाकों में भयंकर जलभराव हो गया है। मोटी बाग, मिंटो रोड और एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 के पास के इलाकों में भारी जलभराव है। रात 11:30 बजे से सुबह 4 बजे तक 49 उड़ानें प्रभावित हुई हैं।

मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर के लिए तेज बारिश और आंधी का पहले ही रेड अलर्ट जारी कर दिया था। बारिश से कई इलाकों में जलभराव की समस्या पैदा हो गई और बिजली चली गई। जिसके कारण लोगों को ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ रहा है। भारी बारिश के बाद धौला कुआं में यातायात जाम और वाहनों की धीमी गति देखी गई। वहीं, भारी बारिश के कारण राष्ट्रीय राजधानी के कई इलाकों में जलभराव हो गया है, जिसके बाद दिल्ली कैंट इलाके में एक बस और एक कार पानी में डूब गई। एनसीआर में कल रात आई आंधी और भारी बारिश के कारण अकबर रोड पर कई पेड़ गिर गए, जिन्हें हटाने का काम चल रहा है।

### आपदा के कारण फरीदाबाद में हादसे, दिल्ली कैंट इलाके में एक बस और कार पानी में डूबी

दिल्ली में भारी बारिश के कारण जगह-जगह जलभराव से ट्रैफिक ठप हो गया। तो वहीं दिल्ली एयरपोर्ट पर फ्लाइट्स भी प्रभावित हुईं। दिल्ली एयरपोर्ट ने एडवाइजरी जारी की है। जिसमें कहा गया है कि कल रात खराब मौसम के कारण कुछ उड़ानें प्रभावित हुई हैं। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे नियमित रूप से अपनी उड़ान की स्थिति की जांच करें और अपडेट के लिए एयरलाइन कर्मचारियों के संपर्क में रहें। यात्रियों को सलाह दी




जाती है कि वे अपनी उड़ान की स्थिति नियमित रूप से जांचते रहें तथा अपडेट के लिए एयरलाइन स्टाफ के संपर्क में रहें।

दिल्ली एयरपोर्ट ने जानकारी दी है कि दिल्ली में खराब मौसम के कारण रात 11:30 बजे से सुबह 4 बजे तक 49 उड़ानों का मार्ग बदला गया। सामान्य सेवाएं फिर से बहाल हो गई हैं।

बारिश के कारण फरीदाबाद की संजय कॉलोनी में आंधी व बारिश से मकान ढह गया। हादसे में 6 लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, फरीदाबाद के भोआपुर गांव और गांव तिगांव में रात को आसमानी बिजली गिरने से कई पशुओं की मौत हो गई। वहीं, शनि देव कॉलोनी सेक्टर-56 में आंधी व बारिश से मकान की छत पर पड़ोसी की दीवार गिर गई।हादसे में परिवार बाल-बाल बचा गया। गनीमत रही कि किसी को चोट नहीं लगी। राजधानी में मई महीने के अंत तक बारिश होने का अनुमान है। ऐसे में मौसम खुशनुमा रहेगा। बारिश के बावजूद पारा धीरे-धीरे चढ़ेगा। मौसम विभाग का अनुमान है कि अधिकतम तापमान 38-40 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। ऐसे में लोगों को भीषण गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। साथ ही आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश होने व तेज हवाएं चलने की संभावना है। वहीं, 30 मई को भी आंशिक बादल छाए रहेंगे। तापमान 37-40 डिग्री के बीच बना रहेगा। अगले सप्ताह प्री मानसून गतिविधियों के बढ़ने की संभावना है। वहीं, रविवार को आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। बहुत हल्की से हल्की बारिश के साथ आंधी और बिजली कड़केगी। इस दौरान तेज हवाएं 30-40 किमी प्रति घंटा की गति से चलने की संभावना है, जो गरज के साथ अस्थायी रूप से 50 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती हैं। इस दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 38 और 28 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा।

बता दें कि शनिवार को चुभन भरी गर्मी महसूस की गई। दिनभर आसमान साफ रहने व तेज धूप निकलने के कारण एनसीआर के लोगों का हाल बेहाल रहा।

# मन की बात : बदलते भारत की तस्वीर है ऑपरेशन सिंदूर : मोदी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मई महीने के आखिरी रविवार यानी आज 'मन की बात' को संबोधित किया। अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कई अहम मुद्दों पर बात की।**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री ने कहा कि बस से कहीं आना-जाना कितनी सामान्य बात है, लेकिन मैं आपको एक ऐसे गांव के बारे में बताना चाहता हूं, जहां पहली बार एक बस पहुंची। इस दिन का वहां के लोग वर्षों से इंतजार कर रहे थे। और जब गांव में पहली बार बस पहुंची तो लोगों ने ढोल-नगाड़े बजाकर उसका स्वागत किया। गांव में पक्की सड़क थी, लोगों को जरूरत थी, लेकिन पहले कभी यहां बस नहीं चल पाई थी। क्यों, क्योंकि ये गांव माओवादी हिंसा से प्रभावित था। यह जगह है महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में, और इस गांव का नाम है, काटेझरी। काटेझरी में आए इस परिवर्तन को आसपास के पूरे क्षेत्र में महसूस किया जा रहा है। अब यहां हालात तेजी से सामान्य हो रहे हैं। माओवाद के खिलाफ सामूहिक लड़ाई से अब ऐसे क्षेत्रों तक भी बुनियादी सुविधाएं पहुंचने लगी है। गांव के लोगों का कहना है कि बस के आने से उन लोगों का जीवन बहुत आसान हो जाएगा।

पीएम मोदी ने कहा कि 'मन की बात' में हम छत्तीसगढ़ में हुए बस्तर ओलंपिक और माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में साइंस लैब पर चर्चा कर चुके हैं। यहां के बच्चों में साइंस का

पैशन है। वो स्स्ङ्क१३२ में भी कमाल कर रहे हैं। ऐसे प्रयासों से पता चलता है कि इन इलाकों में रहने वाले लोग कितने साहसी होते हैं। इन लोगों ने तमाम चुनौतियों के बीच अपने




जीवन को बेहतर बनाने की राह चुनी है। मुझे यह जानकार भी बहुत खुशी हुई कि 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में दंतेवाड़ा जिले के नतीजे बहुत शानदार रहे हैं। करीब 95% रिजल्ट के साथ ये जिला 10वीं के नतीजों में ळङ्कस्त्र पर रहा। वहीं 12वीं की परीक्षा में इस जिले ने छत्तीसगढ़ में छठा स्थान हासिल किया।

उन्होंने कहा कि पिछले केवल पांच वर्षों में गुजरात के गिर में शेरों की आबादी 674 से बढ़कर 891 हो गई है। गुजरात ऐसा पहला राज्य बना, जहां बड़े पैमाने पर फारेस्ट अफसर के पद पर महिलाओं की तैनाती की गई। आज हम जो नतीजे देख रहे हैं, उसमें इन सभी का योगदान है। वाइल्ड लाइफ प्रोटैक्शन के लिए हमें ऐसे ही हमेशा जागरुक और सतर्क रहना होगा।

पीएम मोदी ने कहा कि पूर्वोत्तर की बात ही कुछ और है, वहां का सामर्थ्य, वहां की प्रतिभा, वाकई अद्भुत है। मुझे एक दिलचस्प कहानी पता चली है क्राफ्टेड फाइबर की। क्राफ्टेड फाइबर ये सिर्फ एक ब्रांड नहीं है, सिक्किम की परंपरा, बुनाई की कला, और आज के फैशन की सोच तीनों का सुंदर संगम है। इसकी शुरूआत की डॉ. चेवांग नोरबू भूटिया ने। पेशे से वो पशु चिकित्सक हैं और दिल से सिक्किम की संस्कृति के सच्चे ब्रांड एंबेसडर। उन्होंने सोचा क्यूं न बुनाई को एक नया आयाम दिया जाए और इसी सोच से जन्म हुआ क्राफ्टेड फाइबर का। उन्होंने पारंपरिक बुनाई को आधुनिक फैशन से जोड़ा और इसे बनाया एक सामाजिक उद्यम। अब उनके यहां केवल कपड़े नहीं बनते, उनके यहां जिंदगियां बुनी जाती हैं। वे स्थानीय लोगों को कौशल प्रशिक्षण देते हैं, उन्हें आत्मनिर्भर बनाते हैं। गांवों के बुनकर, पशुपालक और स्वयं सहायता समूह इन सबको जोड़कर डॉ. भूटिया ने रोजगार के नए रास्ते बनाए हैं।

उन्होंने कहा कि आज मैं आपको एक ऐसे शानदार व्यक्ति के बारे में बताना चाहता हूं जो एक कलाकार भी हैं और जीती-जागती प्रेरणा भी हैं। नाम है -जीवन जोशी, उम्र 65 साल। अब सोचिए, जिनके नाम में ही जीवन हो, वो कितनी जीवंतता से भरे होंगे। जीवन जी उत्तराखंड के हल्द्वानी में रहते हैं। बचपन में पोलियो ने उनके पैरों की ताकत छीन ली थी, लेकिन पोलियो, उनके हौसलों को नहीं छीन पाया। उनके चलने की रफ्तार भले कुछ धीमी हो गई, लेकिन उनका मन कल्पना की हर उड़ान उड़ता रहा। इसी उड़ान में, जीवन जी ने एक अनोखी कला को जन्म दिया नाम रखा 'बगेट'। इसमें वो चीड़ के पेड़ों से गिरने वाली सूखी छाल से सुंदर कलाकृतियां बनाते हैं। वो छाल, जिसे लोग आमतौर पर बेकार समझते हैं- जीवन जी के हाथों में आते ही धरोहर बन जाती है। उनकी हर रचना में उत्तराखंड की मिट्टी की खुशबू होती है। कभी पहाड़ों के लोक वाद्ययंत्र, तो कभी लगता है जैसे पहाड़ों की आत्मा उस लकड़ी में समा गई हो।

उन्होंने कहा कि तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में कुछ समय पहले तक जिन महिलाओं को दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था, आज वे ही महिलाएं ड्रोन से 50 एकड़ जमीन पर दवा के छिड़काव का काम पूरा कर रही हैं। सुबह तीन घंटे, शाम दो घंटे और काम निपट गया। धूप की तपन नहीं, जहर जैसे रसायनों का खतरा नहीं। गांववालों ने भी इस परिवर्तन को दिल से स्वीकार किया है। अब ये महिलाएं 'ड्रोन ऑपरेटर' नहीं, 'स्काई वॉरियर्स' के नाम से जानी जाती हैं। ये महिलाएं हमें बता रही हैं- बदलाव तब आता है जब तकनीक और संकल्प एक साथ चलते हैं।

# पीएम मोदी दो दिवसीय दौरे पर आज जाएंगे गुजरात राज्य को देंगे 82 हजार करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

**गुजरात।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर गुजरात पहुंचेंगे। वे दाहोद, भुज और गांधीनगर में 53,414 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह पीएम मोदी की पहली प्रदेश यात्रा है।

गुजरात मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी रिपोर्ट के मुताबिक 26 मई को भुज में प्रधानमंत्री मोदी 53,414 करोड़ रुपये की लागत वाली 33 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। ये परियोजनाएं प्रमुख क्षेत्रों से संबंधित होंगी और इनका कार्य ऊर्जा एवं पेट्रोकेमिकल्स विभाग, सड़क एवं भवन विभाग, जल आपूर्ति विभाग, पवित्र यात्रा धाम विकास बोर्ड, पावर ग्रिड और




दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण सहित प्रमुख विभागों और बोर्डों की ओर से किया जाएगा।

### रेलवे परियोजनाओं की सौगात मिलेगी

पीएम मोदी दाहोद में रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप में लोकोमोटिव मैन्युफैक्चरिंग शॉप का उद्घाटन करेंगे, जिसका निर्माण रेल मंत्रालय ने 21,405 करोड़ रुपये की लागत से किया है। प्रधानमंत्री ह्यमेक इन इंडियाह्ल पहल के तहत विकसित पहला 9000 एचपी लोकोमोटिव इंजन भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसके साथ ही, वह 2,287 करोड़ रुपये की रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, जिसमें आनंद-गोधरा, मेहसाणा-पालनपुर और राजकोट-हदमतिया रेलवे लाइनों का दोहरीकरण, साबरमती-बोटाड रेलवे लाइन का 107 किलोमीटर विद्युतीकरण और कलोल-कडी-कटोसन रेलवे लाइन का आमान परिवर्तन शामिल है। इस तरह रेलवे से संबंधित कार्यों का कुल मूल्य 23,692 करोड़ रुपये हो जाएगा।

पीएम मोदी 181 करोड़ रुपये की लागत वाली चार जूठ सुधरना पानी पूर्वा योजना का भी उद्घाटन करेंगे, जिसका उद्देश्य महिसागर और दाहोद के निवासियों के लिए स्वच्छ पेयजल तक पहुंच सुनिश्चित करना है। इन योजनाओं से 193 गांवों और एक कस्बे को लाभ मिलेगा।

# बिहार: लालू ने बेटे तेजप्रताप यादव को पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित किया

**पटना।** पूर्व मंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के विधायक तेज प्रताप यादव को राष्ट्रीय जनता दल से निकाल दिया गया। राजद सुप्रीमो और तेज प्रताप के पिता लालू यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर यह एलान किया। उन्होंने तेज प्रताप को छह साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने लिखा, 'निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना करना हमारे सामाजिक न्याय के लिए सामूहिक संघर्ष को कमजोर करता है। ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण तथा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप नहीं है। अतएव उपरोक्त परिस्थितियों के चलते उसे पार्टी और परिवार से दूर करता हूं। अब से पार्टी और परिवार में उसकी किसी भी प्रकार की कोई



भूमिका नहीं रहेगी। उसे पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित किया जाता है।'

लोकजीवन में लोकलाज का सदैव हिमायती रहा हूं लालू प्रसाद यादव ने आगे लिखा कि अपने निजी जीवन का भला -बुरा और गुण-दोष देखने में वह स्वयं सक्षम है। उससे जो भी लोग संबंध रखेंगे वो स्वविवेक से निर्णय लें। लोकजीवन में लोकलाज का सदैव हिमायती रहा हूं। परिवार के आज्ञाकारी सदस्यों ने सार्वजनिक जीवन में इसी विचार को अंगीकार कर अनुसरण किया है। धन्यवाद।'

आइए जानते हैं किस बात को लेकर मचा घमासान दरअसल, शनिवार शाम तेज प्रताप यादव के सोशल मीडिया (फेसबुक) अकाउंट से एक पोस्ट वायरल हुआ था। इसमें तेज प्रताप एक लड़की के साथ दिख रहे थे। इसमें लिखा गया था कि ङ्गमैं तेज प्रताप यादव और मेरे साथ इस तस्वीर में जो दिख रही हैं उनका नाम ******* है। हम दोनों पिछले 12 सालों से एक दूसरे को जानते हैं और प्यार भी करते हैं। हमलोग पिछले 12 सालों से एक रिलेशनशिप में रह रहें हैं। मैं बहुत दिनों से आपलोगों से यह बात कहना चाहता था पर समझ नहीं आ रहा था कैसे कहूं....? इसलिए आज इस पोस्ट के माध्यम से अपने दिल का बात आप सब के बीच रख रहा हूं।

# अनुष्का शर्मा के साथ रामनगरी पहुंचे विराट कोहली, हनुमानगढ़ी और रामलला के किए दर्शन

**अयोध्या।** भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली रविवार को पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ अयोध्या पहुंचे। यहां उन्होंने हनुमानगढ़ी और राम जन्मभूमि में रामलला के दर्शन किए। इस दौरान हनुमानगढ़ी मंदिर पर अनुष्का शर्मा और विराट कोहली को देखने के लिए भारी भीड़ उमड पड़ी। इसके चलते प्रशासन को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

हनुमानगढ़ी के पुजारी हेमंत दास ने हनुमानगढ़ी पर फिल्म अभिनेत्री अनुष्का शर्मा और भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली को दर्शन पूजन कराया। इस दौरान हनुमान जी की प्रतिमा और अंगवस्त्र भेंट कर उनका स्वागत भी



किया। विराट और अनुष्का ने हनुमानगढ़ी और राम जन्मभूमि के बारे में हनुमानगढ़ी के सागरिया पट्टी के श्रीमहंत ज्ञान दास के उत्तराधिकारी महंत और संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय दास से बंद कमरे में मुलाकात की। बीते दिनों बेंगलुरु का मुकाबला हैदराबाद की टीम से था। विराट कोहली बीते दिनों से टेस्ट क्रिकेट से सन्यास लेने की खबरों के चलते चचाओं में हैं।

हनुमानगढ़ी की सागरिया पट्टी के उत्तराधिकारी महंत संजय दास ने कहा कि अनुष्का शर्मा और विराट कोहली धार्मिक प्रवृत्ति के हैं। दर्शन पूजन के बाद वह हनुमानगढ़ी की महिमा और अयोध्या की प्राचीनता के बारे में बातें कर रहे थे।

# मुख्यमंत्री रेखा ने पेश किया विकसित दिल्ली का रोडमैप, यमुना की सफाई प्राथमिकता में आई

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को नीति आयोग की दसवीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में 'विकसित दिल्ली' का रोडमैप प्रस्तुत किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली सरकार के प्रयासों में पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री ने यमुना नदी की सफाई, 'हर घर नल से जल' योजना और बुनियादी ढांचे के विकास को अपनी प्राथमिकताओं में शामिल किया।

सीएम ने रोडमैप पर दिल्ली का एक विस्तृत विजन पेश किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भारत के सभी राज्यों के लोग रहते हैं, इसलिए सभी को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना उनका दायित्व है। उन्होंने 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत'



के तहत दिल्ली में हर राज्य के दिवस को उत्सव के रूप में मनाने की पहल का उल्लेख किया। साथ ही, सीमावर्ती राज्यों हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश के साथ मजबूत सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया।

# अभी संभलें, नहीं तो मिलेगा जीवनभर का दुख, महिलाएं दे रहीं थायराइड को निमंत्रण

**नई दिल्ली।** आयोडिन की कमी, बढ़ता प्रदूषण, जंक फूड, अनियमित दिनचर्या जैसी वजहों के जरिये महिलाएं थायराइड को निमंत्रण दे रही हैं। पिछले 10 वर्षों के दौरान यह समस्या तेजी से बढ़ी हैं। इसकी वजह से गर्भधारण में दिक्कत, माहवारी में ज्यादा बिल्डिंग होना, थकान समेत कई समस्याओं से महिलाओं को जूझना पड़ रहा है।

विशेषज्ञों का कहना है कि लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, एम्स सहित दूसरे अस्पताल के स्त्री एवं प्रस्तुति रोग विभाग में इलाज के लिए आई महिलाओं का विश्लेषण करने में यह बातें सामने आई हैं। थायराइड ग्रंथि



हार्मोन का उत्पादन करती है जो शरीर के मेटाबॉलिज्म को नियंत्रित करते हैं। महिलाओं में हार्मोनल परिवर्तनों के कारण थायराइड असंतुलन की आशंका अधिक होती है। डॉक्टरों का कहना है कि यदि किसी महिलाओं में इसके लक्षण दिखाई देते हैं तो तुरंत इलाज करना चाहिए। इसका इलाज लंबे समय तक चलता है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






## समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता बने हिंडन एयरपोर्ट एडवाइजर कमेटी के मेंबर




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव गुप्ता के व्यक्तित्व की ये सौम्यता है कि वो हमेशा किसी भी जिम्मेदारी को मुस्कराकर स्वीकार करते हैं। वो उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंच के प्रदेश अध्यक्ष हैं। वो भाजपा महानगर कमेटी के कोषाध्यक्ष हैं। वो सपनावत मां वैष्णो धाम के संस्थापक हैं। और समरकूल समूह के चेयरमैन हैं। अब उन्हें सांसद अतुल गर्ग ने एक और नई जिम्मेदारी से नवाजा है। संजीव गुप्ता को सिविल एंक्लेव हिंडन हवाई अड्डा सलाहकार समिति में सदस्य बनाया गया है। एयरपोर्ट अथॉरिटी के निदेशक उमेश यादव ने संजीव गुप्ता के मनोनयन का पत्र जारी किया। इस पत्र में उन्होंने कहा कि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने आपको सिविल एंक्लेव हिंडन हवाई अड्डा सलाहकार समिति में दिशा निर्देश अनुसार बतौर सदस्य नामित किया है। नगर विमानन मंत्रालय द्वारा प्रत्येक हवाई अड्डे पर हवाई अड्डा सलाहकार समिति का गठन किया जाना है। समिति की बैठक अर्द्धवार्षिक तौर पर सांसद अतुल गर्ग की अध्यक्षता में होनी है। इस समिति का गठन हवाई अड्डे पर यात्री सुविधा में वृद्धि हेतु किया जाता है, जिससे हवाई अड्डे की सकारात्मक छवि को बनाया जाए और बरकरार रखा जाए।

### सलाहकार सदस्य के रूप में रखेंगे संजीव गुप्ता बेहतर सुझाव



करंट क्राइम। संजीव गुप्ता समाज के उन प्रतिष्ठित लोगों में है जिनके पास उनका अपना एक विजन है और अपना एक व्यक्तित्व है। उन्होंने अपने प्रतिष्ठान को अपने इस विजन से ही ऊंचाईयों पर पहुंचाया है। सबसे बड़ी बात ये है कि संजीव गुप्ता हमेशा से सकारात्मक सोच के साथ काम करते हैं और अब जब वो हिंडन एयरपोर्ट अथॉरिटी में सलाहकार समिति में आ गए हैं तो उनके आने का असर दिखाई देगा। वो हमेशा से सकारात्मक सोच के साथ काम करते हैं लिहाजा हवाई अड्डे को लेकर उनके सुझाव इस तरह से होंगे कि यहां के बारे में सकारात्मक छवि का निर्माण होगा। एयरपोर्ट की सुविधाओं को लेकर जहां तक बात है तो वो देश और विदेश घूम चुके हैं और उन्हें एयरपोर्ट पर यात्रियों को होने वाली असुविधा और मिलने वाली सुविधा, दोनों की जानकारी है। लिहाजा संजीव गुप्ता जब सलाहकार टीम में आएंगे तो इसके पॉजीटिव एफैक्ट भी सामने आएंगे। संजीव गुप्ता वैसे भी हर नई शुरूआत के साथ सकारात्मक रूप से शामिल होते हैं। जब हिंडन एयरपोर्ट से गोवा के लिये पहली उड़ान शुरू हुई तो संजीव गुप्ता इस टीम में शामिल हुए और अब वो हिंडन हवाई अड्डा सलाहकार समिति के सदस्य हैं। जल्द ही वो हिंडन एयरपोर्ट सलाहकार समिति की बैठक में दिखाई देंगे।

## मंडल वाली स्टोरी में आ गया विधायक प्रतिनिधि के फोन वाला ट्विस्ट वो क्यों मांग रहे हैं मंडल अध्यक्षों से उनके दिये नामों वाली लिस्ट



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मंडल अध्यक्षों की घोषणा हो चुकी है और नई हवा की नई भाजपा में अब बूथ अध्यक्ष की भी हवा है और मंडल अध्यक्ष की भी हवा है। इतना ही नहीं मंडल के मंत्री और मंडल के पदाधिकारियों का भी जलवा है। बूथ अध्यक्ष के घर पर ढोल बजाकर नेम प्लेट लगाई जा रही है तो मंडल अध्यक्षों की ताजपोशी में सीधे-सीधे विधायकों का दखल है। बात यही नहीं खत्म हो रही है और जब मंडल अध्यक्ष के अलाव मंडल में और पदाधिकारी बनाए जाने हैं तो यहां मंडल के लिये महानगर प्रवासी अलग बनाए गए है और फिर हर मंडल के प्रवासी अलग बनाए गए। मंडल अध्यक्षों को टीम बनानी है और सीन ये है कि मंडल में एक पद के लिये कई दावेदार आ गए हैं।

तकनीकी रूप से मंडल का गठन भाजपा की संगठन मशीनरी का सबसे अहम घटक है। यहीं से भाजपा अपने पूरे चक्रव्यूह की संरचना करती है और संगठन का ये चक्रव्यूह चुनावों में भाजपा को बैकअप देता है। जो विधायक 2027 के चुनावी रण में आएंगे वो मंडल की टीम में पूरी रूचि ले रहे हैं। एक विधायक की बात नहीं है सभी विधायक मंडल के गठन में अपना-अपना इंट्रेस्ट दिखा रहे हैं। हालांकि ये काम तो प्योर रूप से संगठन है मगर, सुना है कि जोर विधायक भी लगा रहे हैं। कमल वालों के गढ़ में जो किस्सा गूंज रहा है वो विधायक प्रतिनिधि के फोन का गूंज रहा है। सूत्र बताते हैं कि एक विधानसभा के विधायक जी के प्रतिनिधि लगातार मंडल अध्यक्षों को फोन कर रहे हैं। वो मंडल अध्यक्षों से वो लिस्ट मांग रहे हैं जो उन्होंने मंडल पदाधिकारियों के नामों को लेकर मंडल के प्रवासियों को दी है।

विधायक प्रतिनिधि ये जानना चाहते हैं कि मंडल अध्यक्षों ने मंडल में पदाधिकारियों का के लिये किस-किस का नाम भेजा है। सूत्र बताते हैं कि विधायक प्रतिनिधि अपनी विधानसभा के मंडल अध्यक्षों को फोन करके लगातार वो लिस्ट मांग रहे हैं। सूत्र बता रहे हैं कि इतना ही नहीं विधायक जी के प्रतिनिधि पूर्व मंडल अध्यक्षों को भी फोन कर रहे हैं। वो उनसे यह पूछ रहे हैं कि क्या तुमसे मंडल अध्यक्षों ने अपनी लिस्ट भेजने से पहले सहमति ली है। बताया जाता है कि पूर्व मंडल अध्यक्षों ने विधायक प्रतिनिधि को बता दिया कि हमसे कोई सहमति नहीं ली गई। फिलहाल किस्सा मंडलों में गूंज रहा है और विधायक प्रतिनिधि के लिस्ट मांगे जाने की चर्चा है। सूत्र बताते हैं कि जो विधायक प्रतिनिधि लिस्ट मांग रहे हैं वो कभी-कभी विधानसभा में विकास कार्यों का भी निरीक्षण कर लेते हैं।

### क्या बागियों को हो गई है टीम में लेने की तैयारी

वैसे तो मंडल के गठन का काम पूरी तरह से संगठन का काम है। संगठन और जनप्रतिनिधि दो अलग-अलग घटक है। संगठन जनप्रतिनिधियों के सुझाव पर विचार जरूर कर लेता है, लेकिन यह तय नहीं है कि वो जनप्रतिनिधियों के सुझाव को आदेश मानते हुए अनिवार्य रूप से स्वीकार ही कर लें, लेकिन जनप्रतिनिधि जिस तरह से मंडलों और बूथ में रूचि ले रहे हैं उससे तस्वीर कुछ अलग दिखाई दे रही है। सूत्र बताते हैं कि विधायक जी के प्रतिनिधि मंडल अध्यक्षों से ऐसे ही लिस्ट नहीं मांग रहे हैं। लिस्ट मांगने की अदावत के पीछे निगम चुनावों में हुई बगावत का सीन है। निगम चुनाव में कुछ चेहरे टिकट ना मिलने पर बागी होकर चुनाव लड़े थे और उन्होंने भाजपा को हराने के लिये जोर लगा दिया था। इसके बाद जब भाजपा में घर वापसी अभियान चला तो ये बागी भी बैक टू होम हो गए, लेकिन जनप्रतिनिधियों को ये एहसास है कि जिन बागियों को आज गले लगाया जा रहा है उन बागियों ने भाजपा को हराने के लिये जोर लगाया है। सूत्र बताते हैं कि विरोधा इसी बात पर होना है कि जो लोग भाजपा को हराने के लिये बागी हो उन्हें संगठन मंडल की टीम में लेने के राजी कैसे हो जाएगा। वहीं सूत्र बताते हैं कि बागियों को मंडल में लेने की तैयारी हो चुकी है।

## लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर दर्दनाक हादसा गाजियाबाद की मां-बेटी-मामा समेत चार की मौत





आरुषि उपाध्याय मृतक | विनय पाठक मृतक | सीमा उपाध्याय मृतक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बांगरमऊ क्षेत्र के गांव रसूलपुर के पास शनिवार देर रात तेज रफ्तार सवार एसयूवी अनियंत्रित होकर पार्किंग लेने से जा रहे कंटेनर में पीछे से जा घुसी। इस हादसे में एसयूवी सवार दो महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई।

हादसे में आरुषि उपाध्याय उनकी मां सीमा उपाध्याय, सीमा उपाध्याय के भाई उमेश और उनके रिश्तेदार विनय पाठक की मौत हुई है। बताया जा रहा है कि आरुषि के भाई आयुष उपाध्याय पेशे से कंप्यूटर इंजीनियर हैं और वह सेक्टर-23 के डी 108 में रहते हैं। परिवार पटना से सगाई समारोह में शामिल होकर लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे से गाजियाबाद आ रहा था। इस हादसे में राजनगर एक्सटेंशन और सेक्टर 23 में रहने वाले कुल चार लोगों की मौत हुई है। जैसे ही घर के लोगों को इस दर्दनाक हादसे और मौत की जानकारी मिली घर में कोहराम मच गया।

### सेक्टर-23 के डी-108 में रहते हैं मृतक आरुषि के भाई आयुष उपाध्याय

#### एयरबैग खुले पर नहीं बची किसी की जान

करंट क्राइम : बताया जा रहा है की एक्सयूवी का नंबर यूपी-14 एफके 4045 में कई लोग सवार थे। टक्कर इतनी भीषण थी की एसयूवी गाड़ी के आगे के हिस्से के प्ररखच्चे उड़ गए। पुलिस क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ अरविंद ने बताया है कि महिला की शिनाख्त सीमा उपाध्याय पत्नी स्वर्गीय अजय उपाध्याय, उनकी बेटी आरुषि उपाध्याय निवासी राजनगर एक्सटेंशन गाजियाबाद, विनय पाठक मूल निवासी बिहार हाल पता राजनगर एक्सटेंशन के रूप में हुई है। साथ ही इसमें उमेश की भी जान गई है। पुलिस के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी गाजियाबाद निवासी पूजा मिश्रा के नाम पर रजिस्टर्ड थी। घटना के समय गाड़ी की रफ्तार 100 से 120 प्रति घंटा होने का अनुमान लगाया जा रहा है। टक्कर के दौरान गाड़ी के एयरबैग खुल गए थे लेकिन टक्कर इतनी जबरदस्ती रही की एक्सयूवी में सवार किसी की जान नहीं बच पाई।

#### बच गए कंप्यूटर इंजीनियर आयुष उपाध्याय वर्कलोड की वजह से नहीं गए थे समारोह में

करंट क्राइम : जाको राखे साइयां मार सके ना कोई यह एक बार फिर चरितार्थ होता हुआ दिखाई दिया है। बताया जा रहा है कि जिस हादसे में चार लोगों की मौत हुई है, इस गाड़ी में गाजियाबाद के रहने वाले कंप्यूटर इंजीनियर आयुष उपाध्याय को भी अपनी बहन, मां और मामा के साथ जाना था लेकिन वर्कलोड होने की वजह से वह पटना में आयोजित होने वाले सगाई समारोह में नहीं गए और लखनऊ से आगरा होते हुए गाजियाबाद लौट के दौरान एसयूवी और ट्रक की टक्कर में चार लोग लोगों की दर्दनाक मौत हो गई।

#### घर पर लगी दुख बांटने वालों की भीड़

करंट क्राइम : सेक्टर-23 संजय नगर में रहने वाले आयुष उपाध्याय की बहन, मां , मामा और उनके एक रिश्तेदार की मौत की खबर जिसने भी सुनी वह सन्या रह गया। आयुष को दुख की इस घड़ी में सान्तवना देने और दुख बांटने के लिए बड़ी संख्या में लोग उनके घर पहुंचे। तो वहीं इस हादसे की वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हुई हैं।

## उलटा पड़ गया सपा युवजन सभा के जिलाध्यक्ष को इस्तीफा देने वाले पदाधिकारी की हिमायत में सिंपैथी दिखाना

### ताहिर ने जीतू शर्मा को फोन करके कहा-अब आप मेरी हिमायत में मत आना

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ताहिर हुसैन समाजवादी पार्टी का पुराना कार्यकर्ता है। वो सपा के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ का प्रदेश सचिव है। ताहिर की तमन्ना जिले की मेन कमेटी में आने की रही है। ये अलग बात है कि उसकी यह तमन्ना पूरी नहीं हुई। ताहिर ने अपना दर्द फेसबुक पर लिखा और सपा के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव पद से इस्तीफा दे दिया। ताहिर ने लिखा कि मैं पार्टी में पिछले 30 से सक्रिय सदस्य के रूप में काम रहा हूं। मुझे वो सम्मान नहीं मिल पाया जिसका मैं हकदार हूं। ताहिर ने जिलाध्यक्ष को टारगेट पर लिया और कहा कि जिलाध्यक्ष बस आश्वासन देते हैं। आज तक मेरे सम्मान के लिये उन्होंने कुछ नहीं किया। इससे आहत होकर मैं अपने पद से इस्तीफा दे रहा हूं। ताहिर ने इस्तीफा जरूर दिया, लेकिन खुद को समाजवादी सिपाही बताते हुए बिना पद पार्टी की सेवा करने की बात कही।

अब 30 वर्ष पुराना कार्यकर्ता अपने दर्द को साझा कर रहा है तो समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष जीतू शर्मा ने ताहिर हुसैन के इस दर्द को समझा और उसे साझा किया। अक्सर ये होता है कि किसी भी दर्द पर सिंपैथी दिखाने वाले को थैंक्स कहा जात है। ये जताया जाता है कि आपने मेरे दर्द को समझा, लेकिन यहां पता नहीं ताहिर हुसैन ने क्या समझा और नहीं समझा, मगर जीतू शर्मा को इतना जरूर समझ में आ गया कि कई बार सहानुभूति भी उल्टी पड़ जाती है। ताहिर हुसैन ने सपा युवजन सभा के जिलाध्यक्ष जीतू शर्मा को फोन करके कहा कि तुम्हें मेरी हिमायत में आने की क्या जरूरत थी। जो वार्ता हुई उसका ऑडियो जीतू शर्मा ने शेयर किया, जिसमें वो कह रहे हैं कि मैंने तो तुम्हारे कहने पर ही ये किया था। जिसमें ताहिर ने कहा कि तुम अब कुछ मत डालना और तुम्हारे द्वारा सोशल मीडिया पर ये डालने के बाद मेरे पास दो बार प्रदेश अध्यक्ष का फोन आ गया है। ताहिर हुसैन ऑडियो में जीतू शर्मा से मना कर रहे हैं।



समाजवादी पार्टी

24/ 05/ 2025

ताहिर हुसैन
प्रदेश सचिव, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ

विषय:- प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ पद से इस्तीफा।

माननीय प्रदेश अध्यक्ष जी, मैं पार्टी में पिछले 30 वर्षों से सक्रिय सदस्य के रूप में काम कर रहा हूँ। लेकिन मेरे जैसे ईमानदार एवं मेहनती कार्यकर्ता को आज भी पार्टी में वो सम्मान नहीं मिल पाया है। जिसका मैं हकदार हूँ। जिलाध्यक्ष बस आश्वासन देते हैं। आज तक मेरे सम्मान के लिए उन्होंने कुछ नहीं किया। इससे आहत होकर मैं आज अपने पद से इस्तीफा दे रहा हूँ। अपना सम्मान बचाने के लिए मैं पद से ये इस्तीफा दे रहा हूँ। लेकिन मैं अखिलेश यादव जी एवं नेताजी का सिपाही बनकर बिना पद पार्टी की सेवा करता रहूँगा।

ताहिर हुसैन
समाजवादी सिपाही
9810802370

### ताहिर हुसैन का एकदम से पलट जाना बड़ा अजीब लगा: जीतू शर्मा



जीतू शर्मा ने लिखा कि वैसे तो मेरी फितरत नहीं है कि कोई भी कैसे भी निजी बातचीत को सार्वजनिक मंच से लोगों के आगे पेश करूं, लेकिन आप जब एक अच्छे मन और उद्देश्य से किसी की मदद के लिये आगे आते हैं तो, उसके बाद वही व्यक्ति आपको गलत साबित करने का प्रयास करे, जिससे आपकी छवि खराब हो तो मजबूरी बन जाती है सच्चाई को लोगों तक लाना। जीतू शर्मा ने बताया कि मैंने फेसबुक पर ताहिर हुसैन के कहे अनुसार ही इस्तीफा और पोस्ट डाली। अब जब मेरी पोस्ट के बाद जब उनके पास कोई कॉल आया तो ताहिर हुसैन साहब का एकदम से पलट जाना बड़ा अजीब लगा। अब इस प्रकरण के बाद क्या मैं किसी की मदद कर पाउंगा। उन्होंने कहा कि मैंने हमेशा लोगों को आगे बढ़ाना का काम किया है। उसके उदाहरण मेरे पास जिले के अंदर भी तमाम लोग हैं। किसी ने मुझसे कोई मदद मांगी तो मेरा हमेशा भरकस प्रयास रहा है मैं उसकी उम्मीदों पर खरा उतर सकूं। इसी तरह हमारी पार्टी के वरिष्ठ नेता ताहिर हुसैन का कॉल आया। उन्होंने पार्टी में सम्मान नहीं मिलने की बात कहकर अपने इस्तीफे का जिक्र किया। मैंने जवाब में कहा कि मैं क्या मदद कर सकता हूं। उन्होंने कहा कि आप मेरी आवाज उठाइए। मैंने अपने वादे के कहे अनुसार उनका इस्तीफा और उनके पक्ष में एक कार्यकर्ता का दर्द शब्दों में पिरोकर एक लेख के माध्यम से फेसबुक पर पोस्ट कर दिया, लेकिन हैरानी तब हुई जब उसी पोस्ट पर ताहिर हुसैन ने मुझे गलत ठहराने की नीयत से कमेंट करके ये लिखा कि इस इस्तीफे पर तो मेरे हस्ताक्षर ही नहीं है। जबकि यही बिना हस्ताक्षर का इस्तीफा उन्होंने पत्रकारों को भी व्हॉटस-एप पर डाला और उसकी मुझे भी भलीभांति जानकारी है। इस दौर में आप किसी की भी मदद करने से पहले कम से कम दस बार सोचिए क्योंकि कौन कब कहां अपनी बात से मुकर जाए, इसका कोई भरोसा नहीं है।


## कार्यकर्ता के लिए निकले जब कार्यकर्ता के जज्बात

### चन्नी का नाम लेकर जब अजय चौधरी ने रख दी पम्मी की बात



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अक्सर राजनीति में ये कहा जाता है कि कार्यकर्ता को क्या मिला है, कार्यकर्ता को मिलना चाहिए, इस फेहरिस्त में कार्यकताओं के नाम भी गिना दिये जाते हैं। इन दिनों वैसे भी दिल के जज्बात सोशल मीडिया पर बताने का जमाना है। कार्यकर्ता अपने काम भी यहीं बताते हैं और आयाम भी यहीं बताते हैं। भाजपा की बात करतें तो अभी तक कोई सरकार कृपा किसी पर नहीं बरसी है। बीते दिनों आयोग वाले पदों की घोषणा हुई थी, लेकिन किसी भी आयोग में गाजियाबाद के किसी भी नेता का कोई योग नहीं बना। कार्यकर्ता को देवतुल्य कहा जाता है और एक देवतुल्य ने दूसरे देवतुल्य के लिये अपने विचार रखे। अजय चौधरी भाजपा कार्यकर्ता हैं और वो पूर्व में मंडल प्रभारी रह चुके हैं। मुखर तरीके से अपनी बात रखते हैं और उन्होंने कविनगर में रहने वाले वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता परमजीत पम्मी की बात रखी। खास बात ये थी कि परमजीत पम्मी की बात रखने के लिये उन्होंने कांग्रेस के चरणजीत सिंह चन्नी का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि चन्नी पंजाब के मुख्यमंत्री बने और एक हैं गाजियाबाद में भाजपा परमजीत सिंह पम्मी, ये मनोनीत पार्षद कब बनेंगे। जीवन खपा दिया इन्होंने, कम से कम भाजपा के नाम पर कुछ तो दो। सबसे पहले मिले तो इन्हें मिले। उन्होंने लिखा कि नए-नए लड़के आकर बुजुर्गों का हक मार रहे हैं। हालांकि अजय चौधरी को भाजपा वालों ने ही उन्हीं की पोस्ट पर ये याद भी दिलाया कि इन्हें पार्षद का टिकट मिला था , लेकिन बड़ी बात है कि अजय चौधरी ने पार्टी के वरिष्ठ उम्रदराज कार्यकर्ता के पक्ष में आवाज उठाई। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने भी देशराज देशी के निधन पर यही बात उठाई थी और कहा था कि पार्टी अगर कुछ दे देती तो बेहतर रहता।





Ajay Kumar Guliya
1d

एक है चरणजीत सिंह चन्नी काग्रेस नेता जो पंजाब के मुख्यमंत्री बने और एक है गाजियाबाद भाजपा के परमजीत सिंह पम्मी ये मनोनीत पार्षद कब बनेगे जीवन खपा दिया इन्होने कम से कम भाजपा के नाम पर कूछ तो दो सबसे पहले मिले तो इन्हे मिले नये नये लोन्डे आकर बुझगो का हक मार रहे है

You, Kamal Sharma and 35 others 18 comments

Like Comment Send

## एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी ने पुलिसकर्मियों को नवीन कानून स्पेशल एक्ट और गैंगस्टर कार्रवाई के दिए दिशा-निर्देश

**- बीएनएस की विशेष धाराओं से भी कराया गया अवगत**

**- साक्ष्य आधारित जांच को लेकर दिखाई गंभीरता**





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में रविवार को पुलिस लाइन स्थित परमजीत हाल में एडिशनल सीपी अपराध एवं कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी द्वारा पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सभी जोन के एसीपी और थाना प्रभारी को नवीन कानूनों, स्पेशल एक्ट एवं कानूनी प्रक्रिया के संबंध में कार्यशाला दी गई। रविवार को आयोजित हुई इस कार्यशाला में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के समस्त सहायक पुलिस आयुक्त, थाना प्रभारी, शाखा प्रभारियों को गैंगस्टर एक्ट की धारा-141-1 के अंतर्गत समस्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही भारतीय न्याय संहिता की विशेष धाराओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही साक्ष्य संकलन ठीक प्रकार से करने और उसी पर आधारित विवेचना किए जाने का निर्देश दिया गया है। वहीं फॉरेंसिक प्रयोग के संबंध में भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया ताकि गाजियाबाद पुलिस के विवेचक विधि वैज्ञानिक तरीके से मामलों का निस्तारण करें और जांच प्रभावित न हों।

### एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी का निर्देश साक्ष्य संकलन में रखा जाए विशेष ध्यान

करंट क्राइम : पुलिस लाइन में रविवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सभी एसीपी, थाना प्रभारी और अन्य पुलिसकर्मियों को जो ट्रेनिंग दी गई, उसमें बीएनएस की विशेष धाराओं के साथ ही साक्ष्य संकलन और फोरेंसिक पद्धति को अपनाने का जोर दिया गया है। वहीं अधिकारियों ने कहा है कि ऐसा करने से विवेचकों के मामले मजबूत बनेंगे। साथ ही आरोपियों पर सख्त कार्रवाई भी हो सकेगी। वहीं फरियादियों को परेशान नहीं होना पड़ेगा और उन्हें जल्द ही न्याय भी मिलेगा।

## संपादकीय

# बेनकाब होगा पाक

ऑपरेशन सिंदूर के जरिये पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ढांचों को नष्ट करने के बाद अब समय है इस्लामाबाद की हकीकत और भारत के बदले रुख से दुनिया को वाकिफ कराने का। पाकिस्तान तब तक अपनी हरकतों से बाज नहीं आएगा, जब तक उसे कुछ देशों का समर्थन मिलता रहेगा। इस समर्थन को कूटनीति के जरिये ही खत्म किया जा सकता है।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने देश को आतंकवाद के खिलाफ अपनी रणनीति बदलने पर मजबूर किया है। अभी तक पाकिस्तान अपनी करतूतों को परमाणु बम की ओट में छिपाता रहा था, लेकिन नई दिल्ली ने साफ चेतावनी दे दी है कि यह धमकी अब नहीं चलेगी। अगर पाकिस्तानी सेना ने आतंकियों की आड़ में भारत में अस्थिरता फैलाने की कोशिश की, तो उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

**सरकार ने सातों डेलिगेशन में सभी दलों के प्रतिनिधियों को शामिल किया है। यह दिखाता है कि राजनीतिक मतभेदों को भुलाकर राष्ट्रीय हित के मसले पर पूरा देश एक है - आतंकवाद से लड़ाई में सरकार को सभी का समर्थन हासिल है। भारत की एकजुटता संदेश है और चेतावनी भी कि पाकिस्तान से सीमापार आतंक का सच हम सभी देशों के सामने लाने को प्रतिबद्ध हैं।**

दुनिया के हक में: ऑपरेशन सिंदूर आतंक के खिलाफ लड़ाई में भारत का न्यू नॉर्मल है और दुनिया को पता होना चाहिए कि पाकिस्तान की टेरर पॉलिसी के चलते यह नौबत आई है। अपने यहां मौजूद आतंकी ढांचों पर एक्शन तो दूर, पाकिस्तान ने उन्हें हमेशा बचाने की कोशिश की। ये अड्डे हिंदुस्तान और बाकी दुनिया के लिए भी बड़ा खतरा बने हुए थे। पाकिस्तान ने संघर्ष को भड़काने के लिए खूब झूठ फैलाया। उसका यह चेहरा बेनकाब करने की जरूरत है कि भारत से टक्कर की चाहत में वह अपने नागरिकों को भी ढाल बना लेता है, और नई दिल्ली की लड़ाई आम लोगों से नहीं बल्कि आतंकियों और उनके आकाओं से है। हिंदुस्तान ने सिंधु जल संधि को इसलिए निलंबित किया, क्योंकि एक तो इस ट्रीटी में भारतीय हितों का ख्याल नहीं रखा गया था और दूसरे, पाकिस्तान ने कभी पड़ोसी धर्म नहीं निभाया। पाकिस्तान को पानी पर सहानुभूति बटोरने का मौका नहीं मिलना चाहिए।

चीन पर दबाव: पाकिस्तान बार-बार दुस्साहस इसलिए कर पाता है, क्योंकि उसे चीन और तुर्किये जैसे देशों से मदद मिल जाती है। इस बार भी इन दोनों मुल्कों ने अपने निहित स्वार्थ के चलते पाकिस्तान को सपोर्ट किया। भारत की कूटनीतिक पहल से दोनों देशों पर दबाव पड़ेगा और दूसरे देश भी पड़ोसी मुल्क की सच्चाई से वाकिफ होंगे। सरकार ने सातों डेलिगेशन में सभी दलों के प्रतिनिधियों को शामिल किया है। यह दिखाता है कि राजनीतिक मतभेदों को भुलाकर राष्ट्रीय हित के मसले पर पूरा देश एक है - आतंकवाद से लड़ाई में सरकार को सभी का समर्थन हासिल है। भारत की एकजुटता संदेश है और चेतावनी भी कि पाकिस्तान से सीमापार आतंक का सच हम सभी देशों के सामने लाने को प्रतिबद्ध हैं।

# भारत में आईफोन बनाने पर एपल को धमका रहे ट्रंप



**नई दिल्ली।** जहां एक तरफ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एपल को भारत में आईफोन का विनिर्माण नहीं करने के लिए धमका रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उनके देश के आंकड़े मेक इन अमेरिका की पोल खोल रहे हैं। अमेरिकी सरकार की वाणिज्य विभाग की रिपोर्ट पर गौर करें तो अमेरिका की बड़ी कंपनियां से देश के भीतर न के बराबर उत्पाद बना रही है। आंकड़ों के अनुसार वहां की 9 बड़ी कंपनियां अपने 80 फीसदी से अधिक उत्पाद अमेरिका से बाहर बनाती है या बाहरी देशों से खरीदती है। विभाग के आंकड़े बताते हैं कि पूरी दुनिया पर शेखी बघारने वाला अमेरिका करीब 425 लाख करोड़ रुपये से अधिक के उत्पाद और सेवाएं, जो भारत की पूरी जीडीपी से भी करीब 32% अधिक है, आयात करता है।

**देश में बने महज 46% उत्पाद ही इस्तेमाल कर रहे अमेरिकी :** आंकड़ों से पता चलता है कि 2002 में अमेरिका के लोग अपने देश में बने हुए 77% उत्पाद का इस्तेमाल करते थे। लेकिन, 2023 तक आते-आते यह आंकड़ा घटकर महज 46% रह गया। रिपोर्ट के अनुसार 90% से अधिक इलेक्ट्रिक सामान, 50% दवाएं, 75% कपड़े और 60% घरेलू उपयोग की वस्तुओं के लिए अमेरिकियों को आयात पर निर्भर रहना पड़ता है। हालांकि, कोरोनाकाल के बाद से अमेरिका में देसी उत्पादों को बढ़ावा देने का चलन बढ़ा है। सरकार ने भी अमेरिका के भीतर ही वस्तुओं के विनिर्माण पर जोर दिया है। लेकिन इस राह का सबसे बड़ा अड़चन है, अमेरिका की भारी-भरकम श्रम लागत। अमेरिका में प्रति घंटे की न्यूनतम मजदूरी भारतीय रुपये में करीब 3,207 रुपये है, जो चीन के 116 रुपये की तुलना में काफी ज्यादा है। यही कारण है कि सरकार की पहल में शामिल होने के बावजूद करीब 300 से अधिक कंपनियां अपने उत्पाद अमेरिका में नहीं बना पा रही।

**29 लाख करोड़ रुपये के उत्पाद देश के बाहर बनाती है एपल :** दुनिया की सबसे मूल्यवान अमेरिकी कंपनियों से एक एपल अपने 29 लाख करोड़ रुपये से अधिक का उत्पाद कम लागत के कारण चीन, भारत और वियतनाम जैसे देशों में बनाती है।

इसमें 1.87 लाख करोड़ रुपये का विनिर्माण भारत में होता है। दूसरी ओर, एपल अपने 80% आईफोन, 55% आईपैड और 80% मैकबुक चीन में असेंबल करवाती है। वहीं, 65% एयरपॉड और 90% एपल वॉच का विनिर्माण ताइवान में होता है।

# भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

## कौन-से क्षेत्र ग्रोथ इंजन, कहां ज्यादा संभावनाएं?

**नई दिल्ली।** नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने बताया है कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। भारत ने जापान को पीछे छोड़ते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। अब भारत की अर्थव्यवस्था चार बिलियन डॉलर की हो चुकी है। अर्थव्यवस्था के आकार के मामले में इस समय भारत से आगे केवल अमेरिका, चीन और जर्मनी रह गए हैं। अनुमान यह भी जताया गया है कि अगले ढाई से तीन साल में भारत जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।



भारत की इस तेज रफ्तार वृद्धि के पीछे निर्माण क्षेत्र की ताकत को सबसे प्रमुख माना जा रहा है। केंद्र सरकार ने पिछले 11 वर्षों में निर्माण क्षेत्र में लगातार पैसा झोंका है। सड़क मार्ग, रेल परिवहन, पोर्ट निर्माण और आवासीय भवनों के निर्माण को केंद्र सरकार ने अपनी नीतियों के केंद्र में रखा है।

इसका लाभ कोर सेक्टर के स्टील, सीमेंट, बिजली, तेल सहित औद्योगिक सेक्टर के 50 बड़े क्षेत्रों को मिला है। इससे इसके साथ जुड़े अन्य सेक्टरों में भी तेज वृद्धि देखी गई है।

केंद्र सरकार ने देश में लगातार निवेश का माहौल बेहतर बनाए रखा है। इसका असर हुआ है कि विदेशी निवेशकों ने यहां निवेश को अपनी प्राथमिकता बना रखा है।

# एलआईसी ने बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

## 24 घंटे में किए 5,88,107 लाइफ इंश्योरेंस




**एलआईसी ने 24 घंटे में 5,88,107 जीवन बीमा बेचकर नया रिकॉर्ड बनाया है। यह उपलब्धि एलआईसी के एमडी और सीईओ सिद्धार्थ मोहंती की पहल का परिणाम है। देशभर में 4,52,839 एलआईसी एजेंटों ने मिलकर कुल 5,88,107 लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी की।**

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो गया है। एलआईसी ने 24 घंटे में 5,88,107 जीवन बीमा पॉलिसी कर विश्व रिकॉर्ड बनाया है।

एलआईसी ने इस उपलब्धि को लेकर एक बयान भी जारी किया। इसमें निगम ने कहा कि इस साल 24 जनवरी को 24 घंटे में देशभर में 4,52,839 एलआईसी एजेंटों ने मिलकर कुल 5,88,107 लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी किए, जो विश्व रिकॉर्ड है। इस उपलब्धि को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। एलआईसी की ओर से जारी बयान में कहा गया कि यह हमारे एजेंटों के समर्पण, कौशल और अथक कार्य का एक प्रमाण है।

इस शानदार प्रयास ने महज 24 घंटे के भीतर जीवन बीमा उद्योग में एक नया वैश्विक मानक स्थापित कर दिया। यह उपलब्धि हमारे ग्राहकों और उनके परिवारों को महत्वपूर्ण वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के हमारे मिशन की गहरी प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

**मैड मिलियन डे पर की गई थी पहल :** यह रिकॉर्ड प्रयास एलआईसी के एमडी और सीईओ सिद्धार्थ मोहंती की पहल का परिणाम था। जिसमें उन्होंने प्रत्येक एजेंट से 20 जनवरी, 2025 को 'मैड मिलियन डे' पर कम से कम एक पॉलिसी पूरी करने की अपील की थी।

इस अवसर पर बोलते हुए, मोहंती ने 'मैड मिलियन डे' को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी ग्राहकों, एजेंटों और कर्मचारियों को धन्यवाद दिया।

# जातिगत जनगणना से सामाजिक न्याय होगा मजबूत : किशोर मकवाना




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) के अध्यक्ष किशोर मकवाना ने जातिगत गणना से समाज में खाई पैदा होने के आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने कहा है कि एकत्र किए गए आंकड़े नीतिगत निर्णय लेने में आधार के रूप में काम आएंगे। इससे सामाजिक न्याय को मजबूती मिलेगी। आयोग के मुखिया ने कहा कि इससे हाशिए पर पड़े पिछड़े समुदायों के उत्थान में मदद मिलेगी।

भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार की ओर से अगली जनगणना में जातिगत गणना को शामिल किए जाने का मकवाना ने स्वागत कहा है। उन्होंने कहा कि 2011 से उलट इस बार, निश्चित आंकड़े उपलब्ध होंगे जिससे कल्याणकारी योजनाओं तक आनुपातिक पहुंच सुनिश्चित को सकेगी। यूपीए सरकार ने 2011 में सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना करवाई थी, जो 1931 के बाद से देश भर में जाति के आंकड़े एकत्र करने की पहली कोशिश थी। हालांकि, 2011 की जनगणना के जातिगत आंकड़े कभी भी पूरी तरह से जारी या उपयोग नहीं किए गए। जातिगत जनगणना से सांप्रदायिक विभाजन पैदा होने की चिंताओं को खारिज करते हुए मकवाना ने कहा, इससे जाति के आधार पर कोई विभाजन पैदा नहीं होगा।

बल्कि, इससे सामाजिक न्याय मजबूत होगा। उन्होंने कहा, यह पिछड़ी जातियों का उत्थान करेगा और अनुसूचित जाति समुदाय के लिए बाबासाहेब अंबेडकर के सपने के सभी तीन पहलुओं -सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक- को मजबूत करेगा।

## राशिफल

**मेष :** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। गृहिणियां विशेष सावधानी रखें।

**वृष :** अविवाहितों के लिए वैवाहिक प्रस्ताव आ सकता है। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मिथुन :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शत्रुता में वृद्धि हो सकती है। भूमि व भवन के खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। बड़ा लाभ के योग हैं।

**कर्क :** धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**सिंह :** पुराने शत्रु सक्रिय रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है, धैर्य रखें।

**कन्या :** परिवार के छोटे सदस्यों के अध्ययन तथा स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। लापरवाही न करें। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी।

**तुला :** थकान महसूस होगी। शारीरिक आराम की आवश्यकता रहेगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**वृश्चिक :** शरीर साथ नहीं देगा। स्वास्-?थ्य का ध्यान रखें। उत्साह बढ़ेगा। कार्य की बाधा दूर होकर स्थिति लाभप्रद रहेगी।

**धनु :** प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी की अपेक्षाएं बढ़ेगी।

**मकर :** कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास मनोनुकूल रहेंगे।

**कुंभ :** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होगी। योजना में परिवर्तन हो सकता है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मीन :** अनहोनी की आशंका रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

## चुटकुले

कौन कहता है औरतें
अपनी गलती नहीं मानतीं...
मेरी वाली तो रोज मानती है, कहती है....
गलती हो गई तुमसे शादी करके...!!!

---

पापा – एक काम ढंग से नहीं करता
बेटा – सॉरी पापा
पापा – बंदर देखा है तूने?
बेटा – हां
पापा – वैसी ही शक्ल है तेरी
बेटा – पर मम्मी तो कहती है कि
तू पापा जैसा दिखता है...!!!

---

पापा – हमेशा फोन में लगी रहती है
बेटी – सॉरी पापा
पापा – तू जब फ्री होती है तो क्या करती है?
बेटी – फोन चार्ज करती हूं
पापा – और फ्री कब होती हो?
बेटी – जब फोन की बैट्री खत्म हो जाती है...!!!
पापा बेहोश...

## रोचक तथ्यों का करंट

- प्राचीन यूनानियों और रोमियों ने पनीर को ललित कला बनाने में पहला स्थान दिया था। बड़े रोमन घरों में भी एक विशेष रसोई थी, जिसे पेरेल कहा जाता था, जिसका इस्तेमाल सिर्फ पनीर बनाने के लिए होता था!
- साल 2014 में पनीर का सबसे बड़ा उपभोक्ता फ्रांस, आइसलैंड, फिनलैंड, डेनमार्क और जर्मनी था औसतन प्रत्येक व्यक्ति ने उस वर्ष 55 किलो पनीर का सेवन किया था।
- पनीर को पचाने पर, यह एक ओपिओइड में टूट जाता है। अन्य ओपिओइड जिन्हें आप जानते हैं वे हेरोइन और मॉर्फिन हैं!
- प्रत्येक पाउंड पनीर के लिए 10 पाउंड दूध की आवश्यकता होती है! ( नोट : 1 पाउंड = 0.453592 किलोग्राम )
- पहला पनीर बनाने का कारखाना स्विट्जरलैंड में साल 1815 में स्थापित किया गया था, हालांकि संयुक्त राज्य में सफल बड़े पैमाने पर उत्पादन साल 1851 में शुरू हुआ था।
- क्या आप जानते हैं? दुनिया में सबसे अधिक चोरी होने वाले खाद्य पदार्थ पनीर है, इसके साथ ही 4% पनीर बेची जाती हैं, जो चोरी हो जाती हैं।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स ने जीत के साथ किया सीजन को अलविदा, गुजरात को 83 रनों से हराया





**मुंबई।** चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच आईपीएल 2025 का 67वां मैच आज खेला गया, जिसमें सीएसके ने केवल 9 गेंदें बाकी रहते हुए 83 रनों से शानदार जीत दर्ज की। इस जीत का सीएसके के प्लेऑफ की स्थिति पर कोई असर नहीं पड़ा, लेकिन धोनी के फैंस के लिए यह सीजन एक सुखद अंत लेकर आया। वहीं गुजरात टाइटंस की हार के बाद भी पॉइंट्स टेबल में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वे 18 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर बरकरार हैं।

### सीएसके ने गुजरात को दिया चुनौतीपूर्ण लक्ष्य

चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मुकाबला खेला गया। कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, जिससे सीएसके ने मजबूत शुरूआत की। टीम के युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ने 17 गेंदों में 34 और डेवोन कॉनवे ने 35 गेंदों में 52 रनों की दमदार पारी खेली, जिससे सीएसके ने गुजरात के सामने 231 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा।

उर्विल पटेल और ब्रेविस की धमाकेदार पारी खली। उर्विल पटेल ने 19 गेंदों में ताबड़तोड़ 35 रन बनाए। वहीं डेवाल्ड ब्रेविस ने 23 गेंदों में 57 रनों की जोरदार बल्लेबाजी की। रवींद्र जडेजा ने भी 18 गेंदों में 21 रन बनाकर टीम को मजबूती दी। हालांकि शिवम दुबे का बल्ला थोड़ा खामोश रहा। उन्होंने 8 गेंदों में 17 रन बनाए। इन प्रदर्शन के दम पर सीएसके ने गुजरात टाइटंस को 231 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया। वहीं गुजरात के गेंदबाज चेन्नई के मात्र 5 विकेट ही ले पाए।

### जडेजा के ओवर ने बदली गुजरात की किस्मत

चेन्नई-गुजरात मैच में जब रवींद्र जडेजा 11वें ओवर में गेंदबाजी करने आए तो उन्होंने दोनों बल्लेबाजों को आउट कर टीम को बड़ा झटका दिया। इसके बाद गुजरात के विकेट लगातार गिरते रहे। साई सुदर्शन ने 28 गेंदों में 41 रन बनाकर टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, लेकिन उनकी पारी भी उन्हें हार से नहीं बचा सकी। गुजरात की यह लगातार दूसरी हार है। इससे पहले वे लखनऊ के खिलाफ 33 रन से हार चुके हैं।

### शुरूआती विकेटों ने बिगाड़ा प्लान

गुजरात की टीम ने विशाल लक्ष्य का पीछा किया, लेकिन तीसरे ओवर में कप्तान शुभमन गिल केवल 9 गेंदों में 13 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद चौथे और पांचवें ओवर में भी एक-एक विकेट गिरा। हालांकि 10 ओवर तक साई सुदर्शन और शाहरुख खान ने पारी संभालते हुए टीम का स्कोर 3 विकेट के नुकसान पर 85 रन तक पहुंचा दिया।

# मलयेशिया मास्टर्स के फाइनल में हारे भारत के श्रीकांत, चीन के विश्व नंबर-4 फेंग ने दी शिकस्त




**नई दिल्ली।** भारत के किदांबी श्रीकांत रविवार को मलयेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूनार्मेंट के फाइनल में हार मिली और वह उपविजेता रहे। उन्हें पुरुष एकल फाइनल में चीन के विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी ली शी फेंग से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा।

चोट की वजह से हाल फिलहाल में कई अवसर गंवाने के बाद श्रीकांत ने मलयेशिया मास्टर्स में जबरदस्त वापसी की। इस 32 वर्षीय खिलाड़ी ने छह साल में पहली बार किसी बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने क्वालिफायर से शुरूआत की और खिताबी मुकाबले तक शानदार प्रदर्शन किया। हालांकि, पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी का प्रदर्शन अनियमित रहा और वह दूसरे वरीय ली के मजबूत डिफेंस को भेदने में संघर्ष करते रहे। वह मौके भुनाने में भी असफल रहे और आखिरकार 36 मिनट में 11-21, 9-21 से हार गए।

हार के बावजूद श्रीकांत का प्रदर्शन प्रेरणादायक रहा। उन्होंने इस महीने की शुरूआत में दुनिया में 82वें नंबर पर खिसकने के बाद, दुनिया को अपनी क्षमता की याद दिलाने के लिए धैर्य और क्लास दिखाया। श्रीकांत पिछली बार 2019 इंडिया ओपन में इहऋवर्ल्ड टूर के फाइनल में पहुंचे थे, जहां वे उपविजेता भी रहे थे। वे 2021 विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक विजेता भी रहे। श्रीकांत 2017 में चार बीडब्लयूएफ खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने थे और फिर उन्होंने भारत को टीम स्पर्धा में राष्ट्रमंडल खेलों का पहला स्वर्ण पदक दिलाया, लेकिन उसके तुरंत बाद उनका संघर्ष शुरू हो गया।। पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत पिछले कुछ सत्र में खराब फॉर्म और फिटनेस के दौर से गुजर रहे हैं जिससे अब वह विश्व रैंकिंग में 65वें स्थान पर मौजूद हैं।

श्रीकांत ने मैच के बाद कहा, 'यह सप्ताह काफी अच्छा रहा। यह मेरा सत्र का तीसरा टूर्नामेंट है, पहले दो टूर्नामेंट में भी मैंने अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन ज्यादा सफलता नहीं मिली। अब तक जिस तरह से खेल रहा हूं, उससे मैं काफी खुश हूं। मैं जिस तरह से खेलना चाहता था, वैसा नहीं हुआ, लेकिन वह (शी फेंग) काफी अच्छा खेला। मेरे करियर में एक ऐसा समय था जब मैं वहां खड़े रहने का आदी था और फिर काफी समय बीत गया। इसलिए पोडियम पर वापस आना वाकई खास लगता है।'

श्रीकांत ने शुरूआत में गलतियां की जिससे वह अंक गंवा बैठे और शी फेंग 6-3 से आगे निकल गए। भारतीय खिलाड़ी के बैकहैंड पर सीधे स्मैश से प्रतिद्वंद्वी 8-5 तक पहुंच गया। श्रीकांत के नेट पर स्मैश ने चीनी खिलाड़ी को ब्रेक तक पांच अंक की बढ़त दिला दी। सहज गलतियों से श्रीकांत को नुकसान पहुंचा। उनके दो लूज शॉट लंबे चले गए और ली फेंग ने सटीक क्रॉसकोर्ट विनर से जवाब दिया जिससे स्कोर 14-8 हो गया।

श्रीकांत ने 10-16 से पीछे थे और ली फेंग ने लगातार डाउन-द-लाइन स्मैश से 16 मिनट में शुरूआती गेम खत्म कर दिया। दूसरे गेम में श्रीकांत ने हालांकि बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन कड़ी रैलियों के बावजूद उनके स्ट्रोक्स अक्सर ह्यवाइडह्ल या ह्यलॉन्गह्ल जाते रहे जिससे ली फेंग ने ब्रेक तक 11-5 की बढ़त हासिल की। इससे भारतीय खिलाड़ी के लिए वापसी करना मुश्किल हो गया और चीन के खिलाड़ी ने खिताब जीत लिया। श्रीकांत का 2019 इंडिया ओपन के बाद से यह पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल था और 2021 के बाद से उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा।

# टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी नोवाक जोकोविच का 'शतक' जिनेवा में 100वां करियर एकल खिताब जीता



**जिनेवा।** नोवाक जोकोविच ने आखिरकार करियर का सौवां एकल खिताब जीत लिया है। उन्होंने शनिवार को जिनेवा ओपन फाइनल में शनिवार को हुबर्ट हुरकाज को 5-7, 7-6, 7-6 से हराकर खिताबों का शतक लगाया। वह ऐसा करने वाले दुनिया के मात्र तीसरे टेनिस खिलाड़ी बने। जोकोविच काफी पहले से 100वें एकल खिताब के लिए जूझ रहे थे। हालांकि, उन्हें कामयाबी नहीं मिल रही थी।

जोकोविच ने नौ महीने पहले पेरिस ओलंपिक में करियर का 99वां एकल खिताब जीता था। उसके बाद से वह शंघाई मास्टर्स और मियामी मास्टर्स में दो फाइनल हार चुके हैं। अपने 38वें जन्मदिन के दो दिन बाद सौवां खिताब जीतने के लिए उन्हें तीन घंटे मशक्कत करनी पड़ी। जोकोविच ने जीत के बाद कहा, 'मुझे यहां सौवां खिताब जीतने की खुशी है। मुझे इसके लिए काफी मेहनत करनी पड़ी है।'

24 ग्रैंडस्लैम जीत चुके जोकोविच से अधिक एकल खिताब जिम्मी कोनर्स (109) और रोजर फेडरर (103) के नाम हैं। अब वह इन दोनों के रिकॉर्ड पर निशाना साधेंगे। भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने भी जोकोविच के लिए इंस्टाग्राम स्टोरी लगाई है। सूर्यकुमार ने 100वां टाइटल के साथ तस्वीर डाली और लिखा- इसको डबल करें।

इससे पहले जोकोविच ने इस साल ओपन एरा में सबसे ज्यादा ग्रैंडस्लैम मैच खेलने वाले खिलाड़ी बने थे। उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन के दौरान 430वां ग्रैंडस्लैम मुकाबला खेला था और वह फेडरर से आगे निकलने में सफल रहे जिन्होंने अपने करियर में 429 ग्रैंडस्लैम मुकाबले खेले।

### सबसे ज्यादा ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने का है रिकॉर्ड

जोकोविच के नाम सबसे ज्यादा ग्रैंडस्लैम एकल खिताब (24) जीतने का रिकॉर्ड है। पुरुषों में वह इस मामले में राफेल नडाल (22) और फेडरर (20) से आगे हैं। 37 वर्षीय इस खिलाड़ी के नाम सबसे ज्यादा समय तक रैंकिंग में शीर्ष पर रहने का रिकॉर्ड है। उन्होंने अपने करियर में अब तक 37 ग्रैंडस्लैम फाइनल खेले हैं जो फेडरर के मुकाबले छह ज्यादा हैं।

# इंग्लैंड दौरे से पहले मोहम्मद कैफ ने दी शुभमन गिल को सलाह, इस खिलाड़ी से प्रेरणा लेने कहा




**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज मोहम्मद कैफ ने इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट टीम के नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल को सलाह दी है। गिल को रोहित शर्मा के लाल गेंद के प्रारूप से संन्यास लेने के बाद टेस्ट टीम की कमान सौंपी गई है। कैफ चाहते हैं कि गिल को अजिंक्य रहाणे से प्रेरणा लेनी चाहिए। गिल की कप्तान के तौर पर यह पहली सीरीज होगी। भारत पांच मैचों की इस सीरीज में रोहित और विराट कोहली जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के बिना उतरेगा।

### रहाणे ने बीजीटी 2020-21 के दौरान की थी कप्तानी

सीरीज से पहले, कैफ ने गिल को रहाणे से बात करने के लिए कहा है क्योंकि उन्होंने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2020-21 के दौरान ऑस्ट्रेलिया में एक युवा टीम का नेतृत्व किया था। यही कारण है कि कैफ ने गिल को टेस्ट कप्तान के रूप में अपना कार्यकाल शुरू करने से पहले रहाणे से प्रेरणा लेने की सलाह दी है। कैफ ने एक्स पर वीडियो पोस्ट कर कहा, जब रहाणे ऑस्ट्रेलिया में भारत की कप्तानी कर रहे थे, तो गाबा टेस्ट से पहले सभी ने कहा था कि यह बहुत युवा टीम है। इसलिए, गिल को शायद रहाणे को फोन करके बात करनी चाहिए, क्योंकि रहाणे ने उस दौरे में युवा टीम के साथ शानदार प्रदर्शन किया था। गिल को भी कुछ ऐसा ही करना चाहिए।

विराट कोहली के अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए पहले टेस्ट के बाद स्वदेश लौटने के बाद रहाणे ने भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया में एक ऐतिहासि सीरीज जीत दिलाई थी। कार्यवाहक कप्तान ने युवा टीम को सीरीज में जोरदार वापसी करने के लिए प्रेरित किया और अंततः 2-1 से जीत हासिल की, जिससे ऑस्ट्रेलिया का गाबा में 34 साल का अजेय रहने का सिलसिला समाप्त हो गया था।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को इंग्लैंड दौरे के लिए 18 सदस्यीय टीम घोषित की थी।

# अनुष्का के साथ अयोध्या पहुंचे विराट कोहली; रामलला के किए दर्शन



**अयोध्या।** टेस्ट से संन्यास लेने के बाद विराट कोहली इन दिनों भगवान के दर पर माथा टेकने पहुंच रहे हैं। उनकी जीवन संगिनी अनुष्का शर्मा भी उनके साथ ही दिखती हैं। रविवार को विराट अनुष्का के साथ अयोध्या पहुंचे। उन्होंने भगवान रामलला और भगवान हनुमान के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने वहां पूजा अर्चना की और भगवान के दर पर माथा टेका। हनुमान गढ़ी मंदिर में उनके पूजा अर्चना का वीडियो भी सामने आया है। हनुमान गढ़ी मंदिर के पुजारी ने उन्हें फूल माला पहनाया और टीका लगाया। विराट इससे पहले वृंदावन भी पहुंचे थे और वहां संत प्रेमानंद महाराज के आश्रम जाकर उनसे आशीर्वाद लिया था।

कोहली फिलहाल आईपीएल में व्यस्त हैं और अपने आखिरी लीग राउंड के मैच के लिए लखनऊ में हैं। लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ आरसीबी को 27 मई को मुकाबला खेलना है। इससे पहले विराट ने अनुष्का के साथ अयोध्या जाने का मन बनाया। इन दोनों ने भगवान राम के मंदिर और हनुमान गढ़ी मंदिर में पूजा अर्चना की। विराट ने इसी महीने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा था और अब वह भारत के लिए सिर्फ वनडे खेलते नजर आएंगे। दोनों ने वहां मंदिर में काफी समय बिताया।

हनुमान गढ़ी मंदिर के पुजारी संजय दास जी महाराज ने कहा, 'विराट कोहली और अनुष्का शर्मा को आध्यात्म, संस्कृति, ईश्वर और सनातन धर्म से गहरा लगाव है। उन्होंने भगवान रामलला के दर्शन किए और फिर भगवान हनुमान से आशीर्वाद लिया। उन्होंने यहां आध्यात्म और पौराणिक बातों पर भी चर्चा की। उन दोनों ने रामलला का परिक्रमा भी किया और हनुमान जी का आशीर्वाद भी लिया। निश्चित ही हनुमान जी का आशीर्वाद लिया है तो फल मिलेगा ही।'

### 13 मई को वृंदावन पहुंचे थे विराट कोहली

इससे पहले 13 मई को विराट अनुष्का के साथ वृंदावन पहुंचे थे। यहां उन्होंने श्रीराधे हित केली कुंज आश्रम में संत प्रेमानंद महाराज से भेंट की। इस दौरान दोनों ने संत महाराज से आशीर्वाद लिया और आध्यात्मिक चर्चा में भाग लिया। संन्यास के बाद यह उनकी पहली सार्वजनिक उपस्थिति रही थी। संन्यास के बाद सीधे आध्यात्मिक शांति की तलाश में वह वृंदावन पहुंचे।

### संत प्रेमानंद के आश्रम में साढ़े तीन घंटे रहे कोहली-अनुष्का

कोहली और अनुष्का ने संत प्रेमानंद के आश्रम में साढ़े तीन घंटे से भी ज्यादा समय बिताया। यह पहली बार नहीं है जब विराट संत प्रेमानंद से मिलने पहुंचे थे। वह इससे पहले जनवरी 2023 में इसी साल जनवरी में भी मिलने पहुंचे थे। अब टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद उन्होंने संत प्रेमानंद से गहन चर्चा की। इस दौरान विराट ने पूछा कि असफलता से कैसे बाहर निकला जाए? इस पर प्रेमानंद ने कहा कि अभ्यास करना जारी रखें।

# दिल्ली ने पंजाब को छह विकेट से हराया, समीर रिजवी का अर्धशतक, नायर ने बनाए 44 रन



**नई दिल्ली।** समीर रिजवी की नाबाद अर्धशतकीय पारी के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने पंजाब किंग्स को छह विकेट से हरा दिया। शनिवार को जयपुर में खेले गए इस मुकाबले में पंजाब ने श्रेयस अय्यर की अर्धशतकीय पारी की बदौलत 20 ओवर में छह विकेट खोकर 206 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने 19.3 ओवर में चार विकेट खोकर 208 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। पंजाब के लिए हरप्रीत बराड़ ने दो विकेट लिए जबकि मार्को यानसेन और प्रवीण दुबे ने एक-एक सफलता हासिल की।

दिल्ली ने इस जीत के साथ मौजूदा सत्र में अपना अभियान समाप्त किया। वहीं, पंजाब की शीर्ष-2 में रहने की उम्मीदों को झटका लगा है। फिलहाल टीम 13 मैचों में आठ जीत के साथ 17 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। अब उसका सामना 26 मई (सोमवार) को मुंबई इंडियंस से होगा। दिल्ली पांचवें स्थान पर है। शीर्ष पर 18 अंकों के साथ गुजरात टाइटंस है जबकि 17 और 16 अंकों के साथ तीसरे और चौथे पायदान पर क्रमशः आरसीबी और मुंबई है।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली को केएल राहुल और फाफ डुप्लेसिस ने अच्छी शुरूआत दिलाई थी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 55 रनों की साझेदारी हुई, जिसे मार्को यानसेन ने तोड़ा। उन्होंने केएल राहुल को शशांक सिंह के हाथों कैच कराया। वह 21 गेंदों में छह चौके और एक छक्के की मदद से 35 रन बनाकर आउट हुए जबकि हरप्रीत बराड़ ने डुप्लेसिस को पवेलियन की राह दिखाई। वह 23 रन बनाकर लौटे। इसके बाद सेदिकुल्लाह अटल भी 22 रन बनाकर आउट हो गए। करुण नायर को समीर रिजवी का साथ मिला। दोनों ने 30 गेंदों में 62 रन जोड़े। हालांकि, नायर अर्धशतक पूरा करने से पहले ही आउट हो गए। उन्होंने 44 रन बनाए। इसके बाद ट्रिस्टन स्टब्स और समीर रिजवी ने टीम को जीत दिलाई। दोनों ने 53 रनों की नाबाद साझेदारी के साथ दिल्ली को पंजाब को हराया। रिजवी 58 और स्टब्स 18 रन बनाकर नाबाद रहे।

इससे पहले, अय्यर ने 34 गेंद में 53 रन बनाये जबकि स्टोइनिस ने अपनी ताबड़तोड़ पारी में चार छक्के और तीन चौके जड़कर पंजाब को 200 रन के पार पहुंचाया। दिल्ली को पहली सफलता जल्दी ही मिली जब प्रियांश आर्य (छह) ने मुस्तफिजुर रहमान की शॉर्ट गेंद पर विकेटकीपर ट्रिस्टन स्टब्स को कैच थमा दिया। गेंद हवा में ऊपर उछली थी और स्टब्स ने कुछ कदम पीछे की ओर दौड़ते हुए यह कैच लपका। जोश इंग्लिश ने मुकेश कुमार को दो चौके लगाकर शुरूआत की जबकि प्रभसिमरन सिंह ने मुस्तफिजुर को चौका लगाया। इंग्लिस ने इसके बाद बायें हाथ के इस तेज गेंदबाज को डीप बैकवर्ड स्क्वेयर लेग में छक्का लगाया।

# हॉकी : दो हाफ तक बिना गोल बराबरी पर रहा स्कोर पेनल्टी शूटआउट में सोनभद्र ने 4-1 से जीता मैच



**प्रयागराज।** बीएचयू के एंफीथियेटर मैदान के एस्ट्रोटर्फ पर शनिवार सुबह 28वीं पूर्वी जोन अंतर वाहिनी हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। सोनभद्र और प्रयागराज पीएसी की टीमों ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर दूसरे चक्र में प्रवेश किया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच 20वीं वाहिनी पीएसी आजमगढ़ और 48वीं वाहिनी पीएसी सोनभद्र की टीम के बीच खेला गया। निर्धारित दो हाफ खेलकर दोनों टीमें गोल रहित बराबरी पर रहीं। मैच का फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ। इसमें सोनभद्र की 48वीं वाहिनी पीएसी की टीम ने 4-1 से मैच जीत लिया। दूसरा मैच प्रयागराज की 4वीं वाहिनी पीएसी और झांसी की 33वीं वाहिनी पीएसी के बीच हुआ।

दोनों टीम निर्धारित समय तक गोल करने में नाकाम रही। मैच के निर्णय के लिए रेफरी ने पेनल्टी शूटआउट कराया। प्रयागराज ने ने झांसी को 3-1 से हरा दिया। 4वीं वाहिनी पीएसी की ओर से प्रशांत त्रिपाठी, अभिषेक सिंह और शुभम यादव ने गोल जबकि 33वीं वाहिनी पीएसी झांसी के सतीष ने एक गोल किया।

इस प्रतियोगिता में पूर्वी जोन की कुल 10 टीमें टीमें हिस्सा ले रही हैं। हॉकी का समापन 26 मई को होगा। आयोजन सचिव सेनानायक डॉ. अनिल कुमार पांडेय ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर शुभारंभ किया। खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि का अभिवादन किया। सेनानायक ने कहा कि खेलों में आगे बढ़ने के लिए अनुशासन जरूरी है। खेल में हार जीत एक पक्ष होता है, लेकिन हार से निराश नहीं होना चाहिए।

48वीं वाहिनी सोनभद्र और 20वीं वाहिनी आजमगढ़ में खेले गए मुकाबले में सोनभद्र पीएसी के राम जनम यादव, जगेश यादव, दीपक चौहान, लक्ष्मी शंकर ने एक एक स्ट्रोक लिया और गोल में बदला जबकि 20वीं वाहिनी आजमगढ़ की ओर से एकमात्र गोल अंगद यादव ने किया।




### 53 रन से जीती जगतपुर की टीम

अंतकर क्लब क्रिकेट प्रतियोगिता शनिवार को जगतपुर इंटर कॉलेज मैदान पर खेली गई। यश जायसवाल की अर्द्धशतकीय पारी से जगतपुर की टीम ने दृष्टि क्रिकेट एकेडमी की टीम को आठ रन के अंतर से हरा दिया। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए जगतपुर क्रिकेट एकेडमी की टीम 30 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 210 रन बनाए। इसमें मैन ऑफ द मैच यश जायसवाल ने 53 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दृष्टि क्रिकेट एकेडमी की पूरी टीम 200 रन पर सिमट गई। इसमें रिचा ने 51 और अद्विका ने 37 रनों का योगदान किया। वहीं, संत कवर सिंधी युवा समिति की ओर से एसपीएल क्रिकेट शनिवार शाम सिगरा स्टेडियम में खेला गया। पहले मैच में एसएपीएल ने एएमपीएम ऑलराउंडर को 54 रन से हरा दिया। एसएपीएल ने 10 ओवर में 146 रन बनाए। जवाब में एएमपीएम ऑलराउंडर की पूरी टीम 92 रन पर सिमट गई। मैन ऑफ द भारत पेशवानी रहे।



बीएसए ने कहा कि जिले के 1143 स्कूलों के दो लाख बच्चों के लिए समर कैंप सुलभ बन गया है। कैंप बच्चों के जीवन में नई ऊर्जा का संचार करेगा। इस अवसर पर एआरपी कीर्ति श्रीवास्तव, राम पूजन पटेल, राजेश त्रिपाठी, शिक्षा मित्र धीरज और मीना देवी मौजूद रहीं।

जिलास्तरीय रग्बी गंगा की रेती पर खेली जाएगी। इसके लिए स्थान चयनित करने, रग्बी इंडिया और यूपी के पदाधिकारी आज जिले में आएंगे। तीन सदस्यीय पदाधिकारियों का दल जिला रग्बी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष डॉ एके सिंह के साथ प्रस्तावित स्थलों का दौरा कर स्थान का चयन करेंगे। जिलास्तरीय प्रतियोगिता के लिए अस्सी से दशाश्वमेध घाट के बीच चार स्थान प्रस्तावित हैं।

केराकतपुर के वाराणसी पब्लिक स्कूल में आयोजित खेल शिविर के तीसरे दिन एथलेटिक्स और वॉलीबॉल का प्रशिक्षण दिया गया। कोच राज नंदनी से 95 से अधिक खिलाड़ियों को खेल की बारीकियां बताईं। शिविर में 95 से अधिक खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं। यह जानकारी विद्यालय के उप प्रधानाचार्य एके त्रिवेदी ने दी है।



### तैराकी में सत्यम ने जीता स्वर्ण

प्रादेशिक तैराकी प्रतियोगिता में वाराणसी मंडल की टीम ने पांच पदक जीते हैं। 50 मीटर फ्री स्टाईल में सत्यम साहनी ने स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई कर लिया है। कनाइ चंद तालापात्रा ने बताया कि 400 मीटर फ्री स्टाइल में रमाशीष यादव ने रजत पदक जीता।

4 X 200 मीटर रिले में वाराणसी मंडल की बालक और बालिका दोनों वर्ग की टीम ने कांस्य पदक जीता। यह प्रतियोगिता 23 से 25 मई तक बरेली स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेली गई। इसमे महिला और पुरुष वर्ग में कुल 17 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

### 19वें मिनट में आयुष ने गोल कर टीम को जीत दिलाई

बरेका के इंटर कॉलेज मैदान पर शनिवार शाम एएफसी ग्रास रूट डे फुटबॉल मैच खेला गया। फाइनल में पीके बनर्जी टीम के आयुष सिंह ने 19वें मिनट में गोल कर सैयद मोहम्मद रहीम की टीम को एक गोल से हरा दिया।

# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने सुनी पीएम मोदी के 'मन की बात'

## लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी जयंती के उपलक्ष्य में चित्र प्रदर्शनी का आयोजन





### लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की विलक्षण शासिका : कैबिनेट मंत्री

करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा, लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की ऐसी विलक्षण शासिका थीं जिन्होंने अपने संकल्प, न्याय और सेवा भावना से शासन को मानव कल्याण का माध्यम बना दिया। आज उनकी जयंती पर आयोजित यह प्रदर्शनी आने वाली पीढ़ियों को एक प्रबल प्रेरणा प्रदान करेगी। इस अवसर पर महापौर सुनीता दयाल, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने भी लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के प्रति अपने विचार रखे।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी महानगर गाजियाबाद द्वारा भारत की महान नारी शासिका, प्रजावत्सला धर्मपरायण लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के पावन अवसर पर गाजियाबाद के पुराना रेलवे स्टेशन परिसर में एक भव्य चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक प्रदर्शनी का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, महापौर सुनीता दयाल एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ। प्रदर्शनी स्थल को रेलवे स्टेशन के मुख्य मार्ग पर इस प्रकार सजाया गया कि वहाँ से गुजरने वाले नागरिक और यात्री सहज रूप से इस प्रेरणास्रोत प्रदर्शनी का अवलोकन कर सकें। यह प्रदर्शनी 24 घंटे (प्रातः 10 बजे से अगले दिन प्रातः 10 बजे तक) लगातार जारी रही।

प्रदर्शनी स्थल पर विशेष स्क्रीन व्यवस्था की गई, जहाँ उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों, आम नागरिकों और छात्रों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रसारित 'मन की बात' कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुना। इसमें प्रधानमंत्री द्वारा नारी सशक्तिकरण, भारतीय संस्कृति की गौरवगाथा, और लोकमाता अहिल्याबाई के प्रेरणादायक जीवन पर दिए गए विचारों को सभी ने ध्यानपूर्वक सुना और सराहा। यह आयोजन सामाजिक चेतना से गहरे जुड़ने का प्रेरणादायक क्षण बन गया। इस आयोजन में विशिष्ट रूप से बलदेव राज शर्मा, अशोक मोंगा, विजय मोहन, सरदार एस.पी. सिंह, राजेश्वर प्रसाद, बॉबी त्यागी, गुंजन शर्मा, विनोद कसाना, गौरव चोपड़ा, प्रदीप चौधरी, पूनम कौशिक, मोनिका पंडिता, साक्षी नारंग, प्रीति चंद्रा, अमृता सिंह, ऋचा भदौरिया, अनीता शर्मा, डॉक्टर ओ.पी. अग्रवाल आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# थाना नंदग्राम में फर्जी पुलिस कांस्टेबल गिरफ्तार

## नौकरी का झांसा देकर ठगी, खुद को पुलिसकर्मी बताकर की शादी; वर्दी और फेक आईडी बरामद



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के थाना नंदग्राम पुलिस ने एक फर्जी पुलिसकर्मी को गिरफ्तार किया है। आरोपी संदीप कुमार उर्फ संदीप भाटी गौतम बुद्ध नगर के सेक्टर 49 का रहने वाला है। आरोपी खुद को पुलिसकर्मी बताकर दिल्ली की रहने वाली नीता शर्मा से शादी की थी। नीता ने थाना नंदग्राम में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि संदीप उनके साथ मारपीट करता है और जान से मारने की धमकी देता है। पुलिस ने आरोपी को हिंडन मेट्रो स्टेशन के पास से पकड़ा। पूछताछ में उसने बताया कि वह रौब दिखाने और धोखाधड़ी के लिए फर्जी पुलिस वर्दी पहनता था। वह सोशल मीडिया पर वर्दी में अपनी फोटो डालकर महिलाओं को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजता था।

आरोपी पुलिस में नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से पैसे भी ठगता था। इसी तरह के एक मामले में नोएडा पुलिस पहले भी इसे जेल भेज चुकी है। पुलिस ने आरोपी के पास से वर्दी, फर्जी आईडी कार्ड और दो नेम प्लेट बरामद किए हैं।




### विधायक जी हो गये तेज स्पीड चलने वाले मंडल प्रधान से नाराज

विधायक जी ऐसे हैं कि क्या बताएं दिल के बहुत अच्छे हैं। लेकिन जब फूल वाले झंडा उठाकर चले तो विधायक जी को मंडल वाले का फंडा बिल्कुल समझ नहीं आया। बताते हैं कि विधायक जी चुप भी नहीं रहे और बता दिया कि आईंदा ऐसा काम ना हो। दरअसल मंडल में तिरंगा यात्रा निकलनी थी और सीन कुछ ये बना कि सांसद, विधायक दोऊ खड़े, किसकी पहली मानूं वाला हो गया। सांसद जी ने घड़ी दिखाई और मंडल प्रधान ने तिरंगा यात्रा को झंडी दिखा दी। मिनटो का फर्क था और विधायक जी भी आ गये। सुना है कि फिर एक आदेश पर तिरंगे वालों ने बैक गियर डाल और वापस आये। फिर यात्रा शुरू हुई। मौहल्ले वाले बता रहे हैं कि सीन तो कुछ ये था कि तू अब दिख मत जाना आज। लेकिन बस इतना समझा दिया गया कि ये हिमाकत दोबारा नहीं होनी चाहिए और कोई भी आ जाये हमारा इंतजार होना चाहिए।

### हमारे नारे भी उन्हें नहीं सुनाई दिये और हम भी दिखाई नहीं दिये

हाऊस टैक्स ने सबके होश उड़ा दिये हैं। पेट्रोल पम्प वालों का हाऊस टैक्स 50 लाख से ऊपर का आ गया है तो बैंकट हॉल वाले लाला जी भी लाखों रूपये के बिल से परेशान हैं। रहनुमाओं से तो अब उम्मीद रही नहीं। लिहाजा सरकार वालों के दरवाजे अब बाजार वाले जा रहे हैं। व्यापार मंडल इकट्ठे हो गये हैं और व्यापार मंडल वाले भी हैं तो फूल वाले ही। कभी इन्हीं व्यापारियों ने फूल वालों के नारे लगाये थे और जब ये व्यापारी नारे लगाते हुए टैक्स कम कराने को लेकर पहुंचे तो वो सरकार से नहीं उनके व्यवहार से हैरान हैं। वो बता रहे हैं कि पहले हमने ग्राउंड फ्लोर पर नारे लगाये। जब किसी ने ना सुनी तो ऊपर जाकर नारे लगाये। मगर हमारा दिल तो उस समय बैठ गया जब निगम के सदन की मुखिया ने हमें देख कर मुंह फेरा और बहुत तेजी से वहां से निकल गईं। बताओ भाई साहब कभी इनके लिए हमने नारे लगाये थे और अब इन्हें ना हमारे नारे सुनाई दे रहे और ना हम दिखाई दे रहे। व्यापारी भी इस व्यवहार से दंग बताये जाते हैं।

### कथा वाले अगर पहाड़ पर हैं तो नदी पार वाले भी गंगा में स्नान कर रहे हैं

लोकसभा वालों की कहानी तो ये है कि पूरा चुनाव उन्होंने योगी मोदी करके जीत लिया। किसी ने पूछा क्या किया है तो एक ही जवाब, योगी जी-मोदी जी। किसी ने पूछा क्या करोगे तो फिर वही बात दोहरा दी कि योगी जी-मोदी जी। लेकिन नदिया के उस पार वाले और लाईन के इस पार वाले को इन दो नामों से ज्यादा ऊपर वाले पर यकीन है। वो मथुरा गये तो अध्यक्ष बन गये। दूधेश्वर नाथ में आये तो विधायक बन गये और अब सुना है कि बद्रीनाथ पहुंचकर मंत्री बनने की आहुतियां दी जा रही हैं। लेकिन पहाड़ पर जाकर कथा करने वाले इस बात को समझ लें कि नदिया पार वाले भी गंगा नदी में पहुंच गये हैं। उन्होंने भी प्रथम देवता मां का हाथ थामा है और लोकेशन हरिद्वार और ऋषिकेश की है। अगर तुम्हें वृदांवन और दूधेश्वर नाथ से कुछ मिला है तो उन्हें भी मां के आशीर्वाद से कैबिनेट मिली है। अब ये देखना है कि किसकी भक्ति में कितनी शक्ति है।

# महापौर सुनीता दयाल ने शहर में विकास कार्यों को लगाए पंख

# कविनगर जोन में 18 करोड़ के निर्माण कार्यों का किया शिलान्यास

## निर्माण कार्यों में रहे गुणवत्ता का विशेष ध्यान, स्थानीय लोग रहें जागरूक : महापौर







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल की कार्यशैली कुछ अलग ही है कहीं भूमि कब्जा मुक्त कराती हैं तो कहीं बाहरी कूड़े को अपने शहर में आने से रोकती हैं। ऐसे गई शहरों में विकास कार्यों को लगातार पंख दे रही हैं। इसी क्रम में रविवार को कविनगर जोन के विभिन्न वार्डों में लगभग 18 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास किया है। इतने कार्यों के शिलान्यास कर महापौर ने विकास की लहर ला दी है और इसके साथ साथ हर वार्ड में 1 करोड़ के विकास कार्य करवाने के निर्देश भी दिए हैं जिससे सभी वार्डों में विकास ही विकास दिखाई देगा। महापौर सुनीता दयाल ने शिलान्यास के दौरान सभी पार्षद एवं स्थानीय लोगों से कहा कि आपके यह सड़क व नाले का कार्य होगा आपको कुछ समय के लिए परेशानी होगी लेकिन भविष्य में बहुत अच्छा कार्य निकालकर आएगा। आप सब जागरूक नागरिक हैं ठेकेदार किसी भी प्रकार की बेकार सामग्री लगाता है या कार्य गुणवत्ता में लापरवाही करता है तो मुझे अवगत कराया जाए, तत्काल कार्यवाही की जाएगी। विकास कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नगर निगम के भीतर अन्य जोन में भी जल्द ही शिलान्यास किए जाएंगे और सभी वार्डों में चौमुखी विकास दिखेगा। कार्यक्रम के दौरान पार्षद अमित त्यागी, पार्षद शशि सिंह, पार्षद मनु डबास, पार्षद सुमन चौधरी, पार्षद पिंकी, साहब सिंह सिरोही, ललित शर्मा, पूर्व पार्षद अर्चना सिंह, मंडल अध्यक्ष राहुल, राजू चौधरी, राहुल शर्मा, कौस्तुभ शर्मा, गजेन्द्र शर्मा, राजीव डागर, त्रिलोक चौधरी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

शिलान्यास किये गए कार्य इस प्रकार हैं : (1) वार्ड 18 शास्त्री नगर में राज गैस एजेंसी से बागवाली कॉलोनी होते हुए राजपुर फ्लाईओवर तक सड़क निर्माण, लागत लगभग 1 करोड़ 49 लाख। (2) वार्ड 47 शास्त्री नगर चौक से कार्टे चौक होते हुए हापुड़ रोड तक सड़क निर्माण, लागत लगभग 2 करोड़ 23 लाख। (3) वार्ड 62 गोविंदपुरम में हापुड़ रोड से डी डी पी एस स्कूल होते हुए गौर होम चौक तक सड़क निर्माण, लागत लगभग 2 करोड़ 26 लाख। (4) वार्ड 62 गोविंदपुरम में हापुड़ रोड से ए ब्लॉक सी एन जी पम्प होते हुए पी एन बी बैंक तक सड़क निर्माण, लागत लगभग 2 करोड़ 77 लाख। (5) वार्ड 62 गोविंदपुरम में डी ब्लॉक में गली न 10 के आर सी सी नाली व सड़क निर्माण कार्य, लागत लगभग 36 लाख। (6) वार्ड 16 गढ़ी गाँव मे वरदान मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल वाली रोड का निर्माण कार्य, लागत लगभग 2 करोड़ 47 लाख। (7) वार्ड 46 दुहाई औद्योगिक क्षेत्र में मुख्य मार्ग की सड़क निर्माण कार्य, लागत लगभग 3 करोड़। (8) वार्ड 67 संजय नगर पी ब्लॉक कट से भारत पेट्रोल पंप के मध्य नाला निर्माण, लागत लगभग 1 करोड़ 9 लाख। (9) वार्ड 53 रईसपुर में अंबेडकर स्कूल से बाल्मिकी बस्ती होते हुए चौधरी चरण सिंह जी की मूर्ति तक सी सी रोड का निर्माण, लागत लगभग 2 करोड़ 17 लाख।

## राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की हुई घोषणा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट संगठन की 'दायित्व निर्धारण समिति' की संस्तुति एवं मुख्य संरक्षक डॉ. इन्द्रेश कुमार के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी द्वारा संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। यह नियुक्तियां 1 अप्रैल 2025 से लागू होंगी तथा 31 मार्च 2026 तक प्रभावी रहेंगी।




## जोन बदलाव की बन रही है रूपरेखा

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में थ्री और टू-स्टार, कांस्टेबल, हेड कांस्टेबलों के जोन में रहने की समय सीमा तय हो गई थी। पुलिस के सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है कि बीते दिनों पुलिस कमिश्नर द्वारा जो आदेश दिया गया था, सुना जा रहा है कि आने वाले समय में जल्द ही उसपर अमल शुरू होने वाला है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों से जानकारी के अनुसार थ्री और टू-स्टार एक जोन में दो वर्ष तक रह सकते हैं। तो वही सिटी जोन के कांस्टेबल चार साल अन्य जोन के तीन साल रह सकते हैं। इसके साथ भी हेड कांस्टेबल का जोन बदलाव का समय तय कर दिया गया है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि इस महीने या अगले महीने के प्रथम सप्ताह तक जोन में बदलाव की रूपरेखा शुरू हो जाएगी।




वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्रों से जानकारी मिली है कि मई के अंतिम सप्ताह में थाना प्रभारियों की अदला-बदली और पोस्टिंग में जोन वाली रूपरेखा का असर देखने को मिल सकता है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्र बता रहे हैं कि कई टू-स्टार इन दिनों इस टेंशन में हैं कि उनको जोन कौन सा मिलेगा। वह नदिया पार से किस जोन में भेजे जाएंगे और उनको सिटी का मौका मिलेगा या देहात में तांबा सफर तय करना पड़ेगा। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इन दिनों पुलिस की मुठभेड़ और बीट पुलिसिंग की चर्चा यहां से लेकर लखनऊ तक हो रही है। तो दूसरी तरफ पुलिस विभाग में वर्कलोड वाला माहौल बनता नजर आ रहा है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले कई प्रभारी और अधिकारी इन दिनों ओवरलोड महसूस कर रहे हैं। तो चर्चा यह भी है कि जोन बदलाव को लेकर कई और तरीके की खबरें आनी शुरू हो गई हैं। कुल मिलाकर इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एक जोन में डीसीपी के तौर पर सबसे लंबी पारी खेलने का रिकॉर्ड सबसे नए वाले आईपीएस साहब का बनता हुआ नजर आ रहा है। अब देखना होगा कि थाना प्रभारी और एसीपी के बदलाव के बाद क्या पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जून माह के दौरान डीसीपी स्तर के अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में भी बदलाव देखने को मिलेगा, यह सब कुछ पूर्व की तरह चलता रहेगा। वैसे जल्द ही एसीपी स्तर वाली एक शॉर्ट लिस्ट आने की जानकारी मिली है।

# विधायक नन्दकिशोर गुर्जर ने करोड़ों के विकास कार्यों का किया लोकार्पण

**कहा, लोनी के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित है भाजपा**





**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी विधानसभा क्षेत्र में विकास की रफ्तार निरंतर तेजी से आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में रविवार को लोनी विधायक नन्दकिशोर गुर्जर ने बेहटा हाजीपुर में 20 लाख से अधिक की लागत से निर्मित सड़क, वार्ड संख्या 34 सरस्वती विहार में 10 लाख से अधिक की लागत से निर्मित सड़क, निठोरा में 40 लाख से अधिक की लागत से नवीनीकरण हेतु सड़क निर्माण कार्य व अन्य विकास कार्यो का शुभारंभ किया। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों ने ढोल-नगाड़ों, पुष्पवर्षा व भव्य आतिशबाजी के साथ विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया।

विकास कार्यों के उद्घाटन व शुभारंभ पश्चात विधायक नन्दकिशोर गुर्जर ने कहा, भाजपा सरकार में लगातार लोनी के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण से कार्य हो रहा है। क्षेत्र में जल निकासी एक महत्वपूर्ण विषय है जिसे ठीक करने का कार्य किया जा रहा है। स्ट्रीट लाइट्स, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं सहित अन्य बुनियादी ढांचों को भी लगातार हम सुदृढ़ करने का काम कर रहे हैं। लोनी में लगातार बन रही सड़कें केवल एक मार्ग नहीं, बल्कि क्षेत्र के विकास का प्रतीक है। आने वाले समय में लोनी विकास की नई ऊँचाइयों तक पहुंचे इसके लिए कई बड़े प्रोजेक्टों पर कार्य चल रहा है। इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्विनी कुमार, जितेंद्र गुप्ता, पूर्व प्रत्याशी धर्मेंद्र शर्मा, वरुण धामा, रामेश्वर सैनी, दिलीप मौर्या आदि उपस्थित रहें।

# पार्षद रेखा गोस्वामी ने सुनी कार्यकर्ताओं संग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात'





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड-10 डीएलएफ कॉलोनी के बूथ नंबर 14 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के 122 वें प्रसारण को सुना गया। मुख्यरूप से पूर्व महानगर अध्यक्ष अमरदत्त शर्मा, वार्ड के प्रबुद्ध जनों ने इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दी। अमरदत्त शर्मा द्वारा बूथ के कार्यकर्ताओं के समक्ष वर्तमान की राजनीतिक स्थितियों पर एवं मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहित की अनेक योजनाओं के विषय में चर्चा करी। इसी दौरान सभी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भी अपनी सेना की प्रशंसा करते हुए एक दूसरे को बधाई दी।

### आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त करता पीएम मोदी का संबोधन : पार्षद रेखा गोस्वामी

करंट क्राइम। पार्षद रेखा गोस्वामी ने कहा कि प्रधानमंत्री का संबोधन जनकल्याण, सांस्कृतिक पुनर्जागरण, नवाचार तथा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त करने वाले सामूहिक प्रयासों में नई ऊर्जा का संचार करने वाला रहा। यह हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। पीएम ने ऑपरेशन सिंदूर में हमारे वीर जवानों के शौर्य, पराक्रम और त्याग को रेखांकित करते हुए कहा कि यह ऑपरेशन भारत की आतंकवाद के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस नीति' का सशक्त उदाहरण है।

इस अवसर पर नेहा, जितेंद्र शर्मा, सरोज गोस्वामी, सुशील गुप्ता, राकेश जैन, डॉ हरीशचंद माहौर, मोनू, हुकुमचंद, मनोज गुप्ता, अर्चना, शालिनी, राकेश, द्विवेदी, रवींद्र चौबे, रामरख शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# लोकमाता अहिल्याबाई होलकर ने की सनातन धर्म की पुनर्रचना : कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा

## राजेन्द्र नगर स्थित जनसंपर्क कार्यालय पर संगोष्ठी आयोजित





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री, विधायक साहिबाबाद सुनील शर्मा के राजेन्द्र नगर स्थित जनसंपर्क कार्यालय पर रविवार को लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान के अवसर पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर केवल एक रानी नहीं थीं, वे सनातन धर्म की पुनर्रचना की आधारशिला थीं। उन्होंने भारत के उन मंदिरों और तीर्थों को पुनर्जीवित किया जिन्हें विदेशी आक्रांताओं ने ध्वस्त कर दिया था। उनका जीवन बताता है कि एक नारी जब धर्म, सेवा और संकल्प को धारण करती है, तो वह साक्षात शक्ति स्वरूपा बन जाती है।

अहिल्याबाई होलकर का जीवन वर्तमान पीढ़ी के लिए एक प्रेरणापुंज है। जब उन्होंने सत्तारूढ़ होते समय विधवा होने के बाद सामाजिक विरोध सहा, तो उन्होंने उसे चुनौती के रूप में स्वीकार किया और सत्ता को धर्म और समाजसेवा का माध्यम बनाया। यही है सनातन धर्म का आदर्श – निस्वार्थ कर्म, निष्कलंक सेवा और अदम्य धैर्य।

### गणमान्य लोग उपस्थित रहे


करंट क्राइम। इस अवसर पर विधानसभा के अंतर्गत समस्त मंडल अध्यक्ष, पार्षदगण, सभासद गण खोड़ा नगर पालिका, पार्टी पदाधिकारी गण बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ताओं एवं समाजसेवी संगठनों की सहभागिता रही।

### अहिल्याबाई होलकर ने भारत के तीर्थों को पुनर्जीवित किया : डॉ. चंद्रमोहन

करंट क्राइम। डॉक्टर चंद्रमोहन प्रदेश मंत्री भाजपा उत्तरप्रदेश के कहा कि अहिल्याबाई होलकर वह दिव्य तेजस्विनी थीं। जिन्होंने विदेशी आक्रांताओं द्वारा ध्वस्त किए गए भारत के तीर्थों और मंदिरों को न केवल पुनर्जीवित किया, बल्कि उन्हें श्रद्धा, सेवा और संस्कृति का केंद्र बना दिया। उन्होंने काशी विश्वनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार कराया, सोमनाथ, मथुरा, अयोध्या, रामेश्वरम, द्वारका, बद्रीनाथ, वृंदावन जैसे अनेक तीर्थस्थलों को फिर से भारत की आस्था से जोड़ा।

# यूएसए में सम्मानित हुए 'नेहरू वर्ल्ड स्कूल' के निदेशक डॉ. अरुणाभ सिंह





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल तथा हेल्दी प्लैनेट स्कूल्स के सह-संस्थापक निदेशक डॉ. अरुणाभसिंह को 24 मई 2025 को हिल्सडेल कॉलेज, मिशिगन, यूएसए में प्रतिष्ठित 'ग्लोबल एजुकेशन लीडर अवार्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें इंडिया-यूएसए ग्लोबल एजुकेशन लीडरशिप समिट 2025 के दौरान प्रदान किया गया। यह पुरस्कार डॉ. सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व को रेखांकित करता है।

हेल्दी प्लैनेट स्कूल्स में डॉ. सिंह ने भारत के सर्वोच्च रैंक वाले प्री-स्कूल सिस्टम का नेतृत्व किया है, जो स्थिरता और सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। यूएसए में अपने भाषण में डॉ. सिंह ने कहा, यह सम्मान सहयोग की शक्ति और इस विश्वास को समर्पित है कि शिक्षा को बदलती दुनिया की आवश्यकताओं के अनुसार विकसित होना चाहिए।

डॉ. सिंह कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं-जैसे भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय, ब्रिटिश काउंसिल और कैम्ब्रिज प्रेस एंड एसेसमेंट के सलाहकार भी हैं। शिक्षा के लिए समर्पित डॉ. सिंह सदैव शैक्षिक सुधार, एडटेक और शिक्षक सशक्तिकरण पर निरंतर प्रयास करते रहते हैं। हेल्दी प्लैनेट स्कूल्स भारत में प्रारंभिक बाल शिक्षा की एक अग्रणी पहल है, जिसे देश का नंबर 1 प्री-स्कूल माना गया है।

# रूसी मिसाइल हमलों में कीव में 12 लोगों की मौत

## दोनों देशों ने की 303 कैदियों की अदला-बदली



**रूस-यूक्रेन के बीच जहां एक ओर कैदियों की अदला-बदली हो रही है। वहीं दूसरी ओर मॉस्को के लगातार कीव पर हमले जारी हैं। रूस ने रविवार रात को लगातार दूसरी बार यूक्रेन पर ड्रोन और मिसाइल से हमले किए**

**कीव** । अफसरों ने बताया कि हमले में 12 लोगों की मौत हो गई। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने कहा कि रविवार सुबह तीन बजे तक राजधानी में 10 लोग घायल हो चुके हैं। वहीं रूस और यूक्रेन ने रविवार को 303 कैदियों की अदला-बदली की।

यूक्रेन की आपातकालीन सेवा ने कहा कि कीव क्षेत्र में ही चार लोगों की मौत हो गई और 16 लोग घायल हो गए। मेयर ने बताया कि होलोसिव्स्की जिले में एक छात्रावास पर ड्रोन से हमला किया गया और इमारत की एक दीवार में आग लग गई। जबकि दिनप्रोव्स्की जिले में एक निजी घर नष्ट हो गया और शेवचेनकिव्स्की जिले में एक आवासीय इमारत की खिड़कियां तोड़ दी गईं।

ड्रोन के मलबे गिरने से घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में आग लग गई। आपातकालीन सेवा के अनुसार कीव के पश्चिम में स्थित जाइटॉमिर क्षेत्र में 8, 12 और 17 वर्ष की आयु के तीन बच्चों की मौत हो गई। सेवा ने बताया कि हमलों में बारह लोग घायल हो गए। पश्चिमी यूक्रेन के खमेलनित्सकी क्षेत्र में कम से कम चार लोग मारे गए। दक्षिणी यूक्रेन के मायकोलाइव क्षेत्र में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा ने एक्स पर कहा कि रात भर की नींद हराम करने के बाद यूक्रेन में रविवार की सुबह मुश्किल भरी रही। कई हफ्तो में सबसे बड़ा रूसी हवाई हमला पूरी रात चला। यूक्रेनी आपातकालीन सेवा ने कहा कि रूस ने विभिन्न प्रकार की 69 मिसाइलों और 298 ड्रोन का इस्तेमाल किया। वहीं रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने रात भर में 110 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया।

### लगातार दो दिन हुई कैदियों की अदला-बदली


वहीं शुक्रवार और शनिवार को रूस-यूक्रेन ने कैदियों की अदला-बदली की। शनिवार को दोनों पक्षों ने 307 सैनिकों को वापस बुलाया। जबकि एक दिन पहले दोनों पक्षों ने 390 लोगों को रिहा किया था। पिछले हफ्ते इस्तांबुल में हुई बैठक में दोनों पक्षों के बीच हुई बातचीत के पहले चरण में सैकड़ों सैनिकों और नागरिकों की अदला-बदली की गई।

# शिष्टमंडलों ने विदेश में खोली पाक की पोल, जॉन ब्रिटास बोले- भारत-पाकिस्तान के रास्ते अलग



**कांगो** । कांगो में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने बापू को किया नमन शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के ग्रुप चार ने कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में भारतीय दूतावास पहुंचने पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने शूरा काउंसिल का किया दौरा एनसीपी-एसपी सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने दोहा में कतर राज्य के विधायी प्राधिकरण शूरा काउंसिल का दौरा किया। दुनिया आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ खड़ी है' सांसदों के प्रतिनिधिमंडल के ग्रुप सात की नेता और एनसीपी-एसपी सांसद सुप्रिया सुले ने कहा, 'दोहा में हमारी बैठक अच्छी रही। हमारे सभी वरिष्ठ और विद्वान सांसदों ने भारत पर हमले के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए हैं... हमें हर जगह से समर्थन मिल रहा है और दुनिया आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ खड़ी है' कतर का रुख आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस का है' इस दौरान पूर्व विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन ने कहा, 'शूरा परिषद के उपाध्यक्ष के नेतृत्व में हमारी बहुत गर्मजोशी, सौहार्दपूर्ण और सार्थक चर्चा हुई। हमने पहलगाम में जो कुछ हुआ, उस पर चर्चा की... हम दोनों इस बात पर सहमत हुए कि आतंकवाद को उसके सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में समाप्त किया जाना चाहिए... आज शूरा परिषद के उपाध्यक्ष ने विशेष रूप से व्यक्त किया कि कतर का रुख आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस का है'। भारत के जवाबी कार्रवाई को प्रवासी भारतीयों ने सराहा दक्षिण कोरिया के सियोल में जेडी(यू) सांसद संजय झा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के समूह तीन के साथ बातचीत में भाग लेने के बाद, राजीव महाजन, जो 10 वर्षों से दक्षिण कोरिया में रह रहे हैं, ने कहा, 'मुझे खुशी है कि हम जवाबी कार्रवाई कर रहे हैं... संसद से जो बात निकलकर आती है, वह यह है कि हम भारतीयों के साथ खड़े हैं, और हमें आतंकवाद के खिलाफ जवाब देना है।

# हूती विद्रोहियों ने इस्राइल पर दागी मिसाइल, बजे सायरन, इस्राइली सेना ने नाकाम किए मंसूबे



**यरुशलम** । यमन के हूती विद्रोहियों ने रविवार को इस्राइल पर मिसाइल दागी। मिसाइल को इस्राइली सेना ने नष्ट कर दिया। मिसाइल के कारण यरुशमल और अन्य इलाकों में हवाई हमले के सायरन बजने लगे। हालांकि किसी नुकसान की खबर नहीं मिली है।

रान समर्थित हूतियों ने लाल सागर में इस्राइल के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय जहाजों को निशाना बनाकर लगातार मिसाइल हमले किए हैं। इससे पहले हूती विद्रोहियों ने इस्राइल के मुख्य अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास मिसाइल से हमला किया था। इस हमले में चार लोग मामूली रूप से घायल हो गए थे। युद्ध की शुरूआत के बाद से हवाई अड्डे पर यह मिसाइल हमला पहली बार हुआ। हालांकि, एक घंटे बाद हवाई यातायात शुरू हो गया, लेकिन हमले के कारण कई एयरलाइनों को रद्द करना पड़ा। हवाई अड्डे पर यह हमला इस्राइली कैबिनेट मंत्रियों द्वारा गाजा में युद्ध बढ़ाने के लिए किए गए मतदान के कुछ घंटे बाद हुआ।

### अमेरिका ने रोक दी थी बमबारी

पिछले दिनों अमेरिका ने यमन के हूती विद्रोहियों पर बमबारी बंद कर दी थी। ट्रंप ने कहा था कि उन्होंने यह फैसला इसलिए किया है, क्योंकि हूती विद्रोहियों ने कहा कि वह अब और लड़ाई नहीं लड़ना चाहते। उन्होंने वचन दिया है कि वह अब समुद्री गलियारे पर जहाजों पर हमला बंद कर देंगे।

# सिंध में नहर का विरोध, राष्ट्रपति जरदारी की बेटी के काफिले पर लाठी-डंडों से हमला



**इस्लामाबाद** । पाकिस्तान के सिंध में प्रस्तावित नहर परियोजनाओं का स्थानीय लोग जमकर विरोध कर रहे हैं। बीते शुक्रवार को पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की बेटी और सांसद आसिफा भुट्टो के काफिले पर भीड़ ने लाठी और डंडों से हमला कर दिया। इसका वीडियो शनिवार को सामने आया।

पुलिस के मुताबिक, आसिफा कराची से नवाबशाह जा रही थीं। प्रदर्शनकारियों ने उनके काफिले को रोका और नहर परियोजना और कॉर्पोरेट खेती के विरुद्ध नारे लगाए। आसिफा के साथ मौजूद सुरक्षा टीम ने तुरंत कार्रवाई की और उनकी गाड़ी को सुरक्षित वहां से निकाल लिया। इस पूरी घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। बता दें, पाकिस्तान सरकार सिंधु नदी पर नहर बनाने की योजना बना रही है। इससे स्थानीय लोग नाराज हैं। चार दिन पहले भी प्रदर्शनकारियों ने सिंध के गृह मंत्री जियाउल हसन लंजर का घर जला दिया था। एजेंसी

इलाके के एसएसपी जफर सिद्दीकी ने मीडिया को बताया कि काफिला एक मिनट से भी कम समय के लिए रुका था और आसिफा या उनके सुरक्षा कर्मियों को कोई नुकसान नहीं हुआ। उन्होंने कहा, शांतिभंग करने वाले प्रदर्शनकारियों के खिलाफ एफआईआईर दर्ज कर ली गई है। कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# बलोच-अमेरिकी कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र बलूचिस्तान को कूटनीतिक समर्थन देने का किया आग्रह



**वॉशिंगटन** । बलोच-अमेरिकी कांग्रेस ने पाकिस्तान के उत्पीड़न से तंग आकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर बलोचों को भारत के नैतिक, राजनीतिक और कूटनीतिक समर्थन के लिए अनुरोध किया है। संगठन के अध्यक्ष और बलूचिस्तान सरकार में पूर्व कैबिनेट मंत्री तारा चंद बलोच ने पीएम मोदी को लिखा, पाकिस्तानी प्रभुत्व के खिलाफ बलोचों का राष्ट्रीय प्रतिरोध आवश्यक है और ऐसे में भारत का समर्थन मिलना बेहद जरूरी है। यह अपील बलोच अमेरिकी कांग्रेस की ओर से भेजे गए दो औपचारिक पत्रों के माध्यम से की गई, जो सीधे दिल्ली में प्रधानमंत्री कार्यालय को संबोधित थे। अपने पत्र में चंद ने बलूचिस्तान मुद्दे पर भारतीय नेतृत्व द्वारा दिए गए ध्यान के प्रति प्रशंसा जताई।

पत्र में दावा किया गया कि एक जिहादी सेना द्वारा शासित पाकिस्तान हजारों बलोच देशवासियों के लापता होने, यातना, मृत्यु और विस्थापन के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने बताया कि बलूचिस्तान में एक औपनिवेशिक ताकत के रूप में चीन की भागीदारी एक अतिरिक्त भू-राजनीतिक खतरा प्रस्तुत करती है।

# ओवैसी ने पाकिस्तान को बताया नाकाम मुल्क

## बोले अब दुस्साहस का अंजाम उनकी सोच से परे होगा



**मनामा** । ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने बहरीन में प्रमुख हस्तियों के साथ बातचीत के दौरान पाकिस्तान को एक नाकाम मुल्क बताया। ओवैसी ने कहा, 'हमारी सरकार ने हमें यहां इसलिए भेजा है, ताकि दुनिया को पता चले कि भारत पिछले कई सालों से किस खतरे का सामना कर रहा है। दुर्भाग्य से हमने कई निर्दोष लोगों की जान गंवाई है। यह समस्या पाकिस्तान से ही पैदा हुई है और हमेशा ही होती है। जब तक पाकिस्तान इन आतंकवादी समूहों को बढ़ावा देना, सहायता देना और प्रायोजित करना बंद नहीं करता, तब तक यह समस्या दूर नहीं होगी।'

उन्होंने आगे कहा कि हमारी सरकार ने हर भारतीय की जान की रक्षा के लिए सभी कदम उठाए हैं। इस सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अगली बार अगर पाकिस्तान ऐसा दुस्साहस करेगा, तो यह पलटवार उनकी उम्मीद से परे होगा...' ओवैसी ने कहा कि भारत ने उकसावे के बावजूद बार-बार अधिकतम संयम बरता है।

पहलगाम हमले को याद करते हुए उन्होंने आतंकवाद की मानवीय कीमत पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'कृपया इस नरसंहार की मानवीय त्रासदी पर विचार करें। छह दिन पहले शादी करने वाली एक महिला सातवें दिन विधवा हो गई। दो महीने पहले ही शादी करने वाली एक अन्य महिला ने भी इस हमले में अपने पति को खो दिया।' 'भारत के पास प्रत्येक व्यक्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर आवश्यक साधन' भारत की रक्षात्मक ताकत पर जोर देते हुए ओवैसी ने कहा, 'भारत के पास सभी साधन हैं। हमारे पास न केवल भारतीय नागरिकों, बल्कि भारत में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर आवश्यक साधन हैं।' एआईएमआईएम नेता ने कहा कि भारत की वायु रक्षा प्रणालियों ने सीमा पार से आने वाले खतरों को प्रभावी ढंग से रोका है।

# ऑपरेशन सिंदूर से खौफ के साये में पाकिस्तान, चीन की मदद से कर रहा परमाणु शस्त्रागार का आधुनिकीकरण



**वॉशिंगटन** । पहलगाम हमले के बाद भारत के ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान अब तक खौफ में है। उसे अपनी स्थिति का अंदाजा हो गया है, इसीलिये वह चीन की मदद लेकर अपने परमाणु शस्त्रागार को विकसित कर रहा है। ऐसा दावा अमेरिका ने अपनी एक रिपोर्ट में किया है।

अमेरिकी रक्षा खुफिया एजेंसी द्वारा रविवार को जारी 'विश्व खतरा आकलन रिपोर्ट 2025' में पाकिस्तान को लेकर कई दावे किए हैं। इसमें कहा गया है कि पाकिस्तान चीन से सैन्य और आर्थिक सहायता लेकर अपने परमाणु शस्त्रागार का आधुनिकीकरण कर रहा है। इतना ही नहीं, इसमें यह भी कहा गया है कि वह भारत को अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानता है।

अमेरिका ने जारी की है रिपोर्ट बता दें कि अमेरिकी खुफिया एजेंसी द्वारा जारी की गई यह रिपोर्ट अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की सशस्त्र सेवा उपसमिति के लिए बनाई गई है। 'विश्व खतरा आकलन रिपोर्ट 2025' में पाकिस्तान की सेना उसके सैन्य अभियानों और परमाणु हथियारों के बारे में विस्तार के जानकारी दी गई है। इसमें दावा किया गया है कि आने वाले साल में पाकिस्तान की शीर्ष प्राथमिकता सैन्य ढांचे को विकसित और मजबूत करने के साथ ही क्षेत्रीय पड़ोसियों के साथ सीमा पार होने वाली झड़पें और अपने परमाणु शस्त्रागार का निरंतर आधुनिकीकरण शामिल होगा।

अपने अस्तित्व के लिए भारत को सबसे बड़ा खतरा मानता है पाकिस्तान अमेरिकी रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान भारत को अपने अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा मानता है। ऐसे में वह भारत की सैन्य ताकत का मुकाबला करने के लिए खुद को और अपनी सेना को विकसित कर रहा है। वहीं, वह अपने परमाणु हथियारों सहित उनकी सुरक्षा और कमान प्रणाली को भी विकसित और आधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस कर रहा है। इसके लिए वह विदेशी आपूर्तिकताओं और बिचौलियों से सामूहिक विनाश के हथियार (हटऊ) से जुड़े सामान खरीद रहा है। इसमें चीन उसका सबसे बड़ा मददगार है। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान चीन से सामूहिक विनाश के हथियार (हटऊ) विकसित करने के लिए सामग्री और प्रौद्योगिकी हासिल कर रहा है। इनमें से ज्यादातर सामग्री हांगकांग, सिंगापुर, तुर्किये और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों के जरिये हो रहे हैं।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद खौफ में है पाकिस्तान

पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया इस ऑपरेशन में भारत ने 7 मई को पाकिस्तान और पीओके में कई आतंकी ठिकानों पर सटीक हवाई हमले किए।

# पाकिस्तान से आकर भारतीयों को निशाना बनाएंगे तो चुकानी पड़ेगी भारी कीमत, थरूर की दो टूक



**कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा है कि पहलगाम हमलों के बाद अब एक नया नियम बनने जा रहा है कि पाकिस्तान में बैठे किसी भी व्यक्ति को यह मानने की अनुमति नहीं दी जाएगी कि वे सीमा पार कर सकते हैं और बिना किसी सजा के भारतीय नागरिकों की हत्या कर सकते हैं**

**वॉशिंगटन** । उन्होंने जोर देकर कहा कि इसके लिए उन्हें भारी कीमत चुकानी होगी।

शशि थरूर गुयाना, पनामा, कोलंबिया, ब्राजील और अमेरिका में भारतीय सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद के खिलाफ भारत के संकल्प को दुनिया के सामने लाएगा और पाकिस्तान के आतंकवाद से संबंधों की पोल खोलेगा। अलग-अलग देशों का दौरा करने वाला बहुपक्षीय प्रतिनिधिमंडल इस बात पर जोर दे रहा है कि पाकिस्तान के साथ हालिया संघर्ष पहलगाम आतंकी हमले से शुरू हुआ था, न कि ऑपरेशन सिंदूर से, जैसा कि इस्लामाबाद ने आरोप लगाया है। भारत की ओर से शुरू किए गए जवाबी ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ढांचे को निशाना बनाया था।

इस बीच शनिवार को यहां भारतीय-अमेरिकी समुदाय के प्रमुख सदस्यों और प्रमुख मीडिया और थिंक टैंक के शख्सियतों के एक चुनिंदा समूह के साथ बातचीत में थरूर ने कहा कि पाकिस्तान को भारत का संदेश स्पष्ट है- 'हम कुछ भी शुरू नहीं करना चाहते थे।' उन्होंने कहा कि हम सिर्फ आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दे रहे थे। आपने शुरू किया, हमने जवाब दिया। अगर आप रुकेंगे, तो हम रुकेंगे और वे रुक गए। 88 घंटे तक संघर्ष चला। हम उस पर बहुत निराशा के साथ पीछे देखते हैं, क्योंकि ऐसा बिल्कुल भी नहीं होना चाहिए था। लोगों की जान चली गई। साथ ही हम इस अनुभव को दृढ़ निश्चय और नए सिरे से दृढ़ संकल्प के साथ देखते हैं।

'कीमत चुकानी होगी और यह व्यवस्थित रूप से बढ़ती जा रही है' उन्होंने कहा कि अब एक नया मानदंड बनना चाहिए। पाकिस्तान में बैठे किसी भी व्यक्ति को यह मानने की अनुमति नहीं दी जाएगी कि वे सीमा पार करके हमारे नागरिकों को बिना किसी सजा के मौत के घाट उतार सकते हैं। थरूर ने कहा, 'इसकी कीमत चुकानी होगी और यह कीमत व्यवस्थित रूप से बढ़ती जा रही है।' पहलगाम में हुए भयावह हमले के बारे में विस्तार से बात की थरूर ने 22 अप्रैल को जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए भयावह हमले के बारे में विस्तार से बात की। हमले में एक नेपाली नागरिक सहित 26 नागरिक मारे गए थे। इसकी जिम्मेदारी द रेजिस्टेंस फ्रंट ने जिम्मेदारी ली और फिर वापस ले लिया।

# 'कठपुतली सरकार से बात करना बेकार, बातचीत सिर्फ सेना से होगी'



**लाहौर** । जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने शनिवार को कहा कि वह अब केवल सैन्य प्रतिष्ठान के साथ बातचीत करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि 'कठपुतली' पीएमएल-एन सरकार के साथ बातचीत करना ही बेकार है।

इमरान खान अगस्त 2023 से जेल में हैं और उनके खिलाफ कई मामले चल रहे हैं। 2022 में उनके नेतृत्व वाली सरकार गिरी, जिसके बाद से ये मामले चल रहे हैं।

इमरान खान ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, कठपुतली पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) सरकार से कोई बातचीत करना बेकार है। यह फॉर्म-47 के जरिए बनाई गई अवैध सरकार पहले ही दो महीने बर्बाद कर चुकी है। झूठ के जरिए सत्ता से चिपके रहना इसका एकमात्र मकसद है। इसके पास असली ताकत नहीं है।

उन्होंने लिखा, बात सिर्फ उन्ही लोगों होगी जिनके पास असली ताकत है (यानी सैन्य प्रतिष्ठान) और वह भी सिर्फ देशहित में होगी। मुझे मुश्किलों से डर नहीं लगता है, क्योंकि मेरा हौसला अब भी मजबूत है।

खान ने दावा किया कि उनके और पीटीआई नेताओं के खिलाफ झूठे मुकदमे करना, जबरदस्ती उठाना और दबाव में बयान दिलवाना..ये सब इसलिए किया जा रहा है, ताकि लोग पार्टी से अलग हो जाएं और पार्टी के नेता जनता के सामने पीटीआई से किनारा कर लें। उन्होंने कहा, इन सब बातों से स्पष्ट है कि देश में अब कानून का कोई असर नहीं बचा है। अब यहां जंगल का कानून है। खान इस समय कड़ी सुरक्षा वाली अदियाला जेल में बंद हैं। उन्होंने कहा कि 9 मई 2023 की घटनाओं से जुड़े बेबुनियाद मुकदमा एक बार फिर से शुरू हो गए हैं। उन्होंने कहा, नौ मई को लेकर एक झूठा अभियान अभियान चलाया गया था। आज तक कोई सीसीटीवी फुटेज पेश नहीं किया गया है और बीते दो वर्षों में यह साबित हो गया है कि इसका एकमात्र मकसद पीटीआई को कुचलना था।

# कोरी समाज देश की प्रगति में एक मजबूत स्तंभ : कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा

## गाजियाबाद में कोरी समाज सम्मेलन आयोजित, समाज ने भाजपा को दिया पूर्ण समर्थन



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, नेहरू नगर, गाजियाबाद में रविवार को कोरी समाज द्वारा आयोजित भव्य सम्मेलन में हजारों की संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया। इस सम्मेलन का उद्देश्य कोरी/कोली/जुलाहा समाज के जाति प्रमाण पत्र निर्गमन में आ रही प्रशासनिक अड़चनों के विरोध में आवाज उठाना और समाज के सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक अधिकारों पर मंथन करना था।

### यह सम्मेलन समाज की एकता और जागरूकता का प्रमाण : अजय शर्मा

करंट क्राइम। भाजपा प्रदेश संयोजक अजय शर्मा ने कहा यह सम्मेलन समाज की एकता और जागरूकता का प्रमाण है। सरकार समाज की हर उचित मांग को गंभीरता से ले रही है और हम प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की अपेक्षा करते हैं।

### समाज की समस्याएं हमारी प्राथमिकता : सुनील शर्मा

**करंट क्राइम।** सम्मेलन के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के द्वारा अपना संदेश देने के लिए भेजे गए बतौर मुख्य वक्ता पहुंचे कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अपने संबोधन में कहा, कोरी समाज देश की प्रगति में एक मजबूत स्तंभ है। समाज की समस्याएं हमारी प्राथमिकता में हैं और हम सुनिश्चित करेंगे कि किसी को भी उसके अधिकार से वंचित न किया जाए। उन्होंने जाति प्रमाण पत्र से संबंधित समस्याओं के त्वरित समाधान का भरोसा भी दिलाया। कोरी समाज की बदौलत ही समाज बेहतर से बेहतर परिवेश में रहता है या यूं कहें इन्होंने ही हम सबको पहनना सिखाया।

### कोरी समाज की ऊर्जा और संगठित प्रयासों को सलाम : महापौर सुनीता दयाल

**करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल ने अपने वक्तव्य में कहा, गाजियाबाद नगर निगम कोरी समाज की सेवा और विकास हेतु सदैव तत्पर रहेगा। समाज की ऊर्जा और संगठित प्रयासों को मैं सलाम करती हूं।

### भाजपा सदैव सामाजिक न्याय की पक्षधर : महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल

**करंट क्राइम।** भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा, भाजपा सदैव सामाजिक न्याय की पक्षधर रही है और कोरी समाज की मांगों को पार्टी मंच पर पूरी ताकत से रखा जाएगा।

### कोरी समाज के अध्यक्ष एडवोकेट लेखराज माहौर ने सभा को किया संबोधित

करंट क्राइम। कोरी समाज के अध्यक्ष एडवोकेट लेखराज माहौर ने कहा, आज हमने मंच से एक मांग पत्र सौंपा है जिसमें जाति प्रमाण पत्र निर्गमन में आ रही बाधाओं को दूर करने, आरक्षण से संबंधित विसंगतियों को समाप्त करने, तथा युवाओं को सरकारी नौकरियों में उचित भागीदारी देने की मांग की गई है। इसके साथ ही हम भाजपा को कोरी समाज की ओर से पूर्ण समर्थन की घोषणा करते हैं।

### कोरी समाज की मेहनत, ईमानदारी और संघर्षशीलता की मिसाल : विधायक नंदकिशोर गुर्जर

करंट क्राइम। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा, कोरी समाज की मेहनत, ईमानदारी और संघर्षशीलता हमें प्रेरणा देती है। मैं सदैव समाज के साथ खड़ा हूं और संसद में समाज की समस्याओं को पूरी ताकत से उठाऊंगा। जाति प्रमाण पत्र सहित सभी मुद्दों पर केंद्र व राज्य सरकार से संवाद किया जाएगा।

### गणमान्य लोग उपस्थित रहे

सम्मेलन में अनेक जनप्रतिनिधियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई जिनमें महापौर सुनीता दयाल, विधायक नन्दकिशोर गुर्जर, भाजपा प्रदेश संयोजक अजय शर्मा आदि प्रमुख रहे। इस अवसर पर आयोजक मंडल से उपाध्यक्ष चम्मा माहौर, कृपाल सिंह, किशन सिंह माहौर, सुरेश कोरी, महामंत्री धनपाल सिंह कोरी, कोषाध्यक्ष लेखराज तंतवार, मंत्री राकेश कोरी, विजय माहौर, मीडिया समन्वयक प्रदीप चौधरी सहित अन्य समाजसेवी व पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा पहलवान कहां से लाते हैं इतना जुनून? जब तक नहीं निकाल ली उन्होंने इंडिया गेट तक तिरंगा यात्रा? हमने देखा उनके दिल को नहीं मिला सुकून? कहने वाले ने कहा इतनी मेहतन के बावजूद हमें पता है कि नहीं मिलेगा उन्हें भगवा योद्धा की टीम में स्थान? फिर इतनी मेहनत से कौन सा छूना चाह रहे हैं वो आसमान? क्या दोस्त के फर्स्ट आने पर उनके दिल में भी उबल रहे हैं सेकेंड आने के अरमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जिस कार्यक्रम में भीड़ जुटे, उसे ही कहा जाता है फाईन? हमने देखा कोरी समाज का कार्यक्रम सफल कराकर भगवा लेखराज ने खींच दी है लंबी लाईन? कहने वाले ने कहा इस कार्यक्रम के भगवा योद्धा भी बने हैं गवाह? देखना अब ये है क्या लेखराज भैया उनके मन में जगा पायें हैं महामंत्री बनने की वजह? कहने वाले ने कहा दलित चेहरे के तौर पर उन्होंने भगवागढ़ के अन्य नेताओं से मजबूत करा दिया है प्रोग्राम? देखना अब ये है महामंत्री वाले पद पर वो इस शक्ति प्रदर्शन के बाद बना पायेंगे कोई स्थान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भले ही आप लेखराज भैया को कार्यक्रम की सफलता का कितना ही दो रिपोर्ट कार्ड? हमें पता चला है इस आयोजन को सफल बनाने में भगवा योद्धा ने भी मेहनत की है बहुत ज्यादा हार्ड? डिप्टी सीएम के प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए उन्होंने भी नहीं छोड़ी थी कार्यक्रम में कोई कसर? इसलिए कोरी समाज के कार्यक्रम में दिखाई दे रहा था अन्य बिरादरियों की मौजूदगी का भी असर? कहने वाले ने कहा जो भी हो समय से आ गये हैवीवेट वाले कार्यक्रम में? नहीं तो लाईन पार के कई चेहरे लगा चुके थे भगवा लक्ष्मण के कार्यक्रम को नजर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको बता रहे हैं अंदर की बात? वो हमारे नेता हैं, हम उनका करते हैं बहुत सम्मान? मगर क्या करें छोटी-छोटी बातों पर हो जाते हैं बहुत नाराज? आप कुरेदोगे अगर शर्मा, त्यागी और युवा पंजाबी चेहरे का दिल? तो हल्की सी खुजली करके ही आपको जवाब जायेगा मिल? वो नेता की ताकत के अफसानों का करते हुए दिखेंगे गुणगान? मगर जब बात गुस्से वाली होगी? तो उस दास्तां को सुनाते हुए इन सबका दिल हो जायेगा परेशान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम देख रहे हैं पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल आजकल बने हुए हैं सक्रियता की मिसाल? वो पार्टी के शीर्ष नेताओं से भी मिल रहे हैं? जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं का भी रख रहे हैं ख्याल? मन की बात से लेकर शोकसभा तक हो रहे हैं उनके दीदार? कहने वाले ने कहा उन्हें जरूर कुछ बड़ा मिलने वाला है? इसलिए वो मान नहीं रहे हैं हार? जो भी हो जितना वो एक्टिव रहते हैं? उनके साथ-साथ हो जाता है उनके प्रिय गोयल का भी प्रचार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के भगवा मैम्बर ने स्पष्ट रख दी है अपनी 'राय'? कह दिया है में हर सूरत में लडूंगा कार्यकारिणी का चुनाव, चाहे कुछ भी हो जाये? कहने वाले ने कहा जब भी पूरी राय से भगवा मैम्बर रखते हैं अपनी बात? सच बता रहे हैं उनके तेवरों को देखकर लगता है? निगम वाली मैडम उन्हें सबसे पहले कार्यकारिणी में भेजेगी साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा संगठन में पद पाना, बन गई है कई चेहरों के लिए मजबूरी? हमने फिर देखा जब भगवा पहलवान ने साहिबाबाद से लेकर दिल्ली तक निकाली तिरंगा यात्रा? तो उससे उनके दो प्रिय गुर्जर चेहरे बना गये दूरी? नहीं ली उनसे एक युवा गुर्जर चेहरे ने आकर आशीष? सुना है दूसरे गुर्जर चेहरे ने भी येढ़ा बनकर खा लिया दूरी वाला पेड़ा? वो भी नजर नहीं आये उनके नजदीक? फिर हमारे दिल में आया ख्याल? यश को पालने वाले भी यात्रा से गायब थे एक पहलवान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अब हमें कुछ ज्यादा नहीं सोचना है? लगानी होगी अब हमें हर सूरत में भगवा योद्धा के साथ दौड़? कहने वाले ने कहा हमें पता है टीम अगस्त के बाद बनेगी? मगर हम बीच में इस लड़ाई को नहीं सकते छोड़? कहने वाले ने कहा बीच में हार्फे तो हो जायेगी हमारी मेहनत बेकार? कोई और हो जायेगा फिर हमारे रथ पर सवार? इसलिए भगवा योद्धा जो हो हमें बतायेंगे? वो हम करके दिखायेंगे? क्योंकि समय ही इतना क्रिटिकल है कि हम नहीं कर सकते हैं खुलकर इंकार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के मैम्बर भाटी के पास एक महिला गई थी लेकर जन्म प्रमाण पत्र बनाने की आस अपने साथ? मगर यहां पर मिस्टर भाटी ने ऐफिडेविट देने वाली रख दी महिला से बात? सुना है इस मैटर में मिस्टर उपाध्याय ने महिला की सिफारिश में मिलाया था भाटी जी को फोन? भाटी जी ने उपाध्याय जी की बात को सुनकर ओके कर दिया था? मगर पता चला है कि उपाध्याय जी के भाटी जी पिछले तीन दिनों से नहीं उठा रहे हैं फोन?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अचानक पुलिस से एक बड़ी लड़ाई लड़ने के बाद भगवा धीरज भैया हो गये हैं ओझल? हमने देखा है पार्टी के तमाम कार्यक्रमों में उनके नहीं हो रहे हैं दीदार? हमें पता है वो बहुत शालीन और भावुक हैं, आखिर किसी ने उनकी बजा तो नहीं है भावुक होने वाली तार? जब से हुआ है घटनाक्रम समाप्त? तब से धीरज भैया के दर्शन नहीं हो रहे हैं यार? कहने वाले ने कहा हो सकता है वो अपने किसी निजी कार्य में व्यस्त हों? या ये भी हो सकता है कि सक्रिय ना रहने के पीछे उनके मन में आ गया हो कोई और भी विचार?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# महापौर की प्लानिंग ला रही है रंग
# जल संरक्षण के कार्यों में जुटा नगर निगम

## नगर आयुक्त ने शुरू कराया काजीपुरा ग्राम में तालाब को सुसज्जित तथा सुरक्षित करने का कार्य



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम जल संरक्षण के कार्यों को बढ़ावा दे रहा है। इसी क्रम में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा काजीपुरा ग्राम में तालाब के सौंदर्यकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। पार्षद पवन गौतम वार्ड संख्या 24 से लगातार काजीपुरा ग्राम के तालाब की सफाई तथा सौंदर्य करण के लिए कहां जा रहा था। नगर आयुक्त द्वारा सी एस आर के माध्यम से काजीपुरा ग्राम के तालाब की सफाई तथा सौंदर्य करण का काम प्रारंभ कर दिया है जिससे ग्राम वासियों में भी खुशी है। सीता प्राइवेट लिमिटेड मुंबई की कंपनी के द्वारा 15 लाख की लागत से तालाब को सूचित करने का कार्य कराया जा रहा है।

### काजीपुरा तालाब की सफाई से ग्रामवासियों को लाभ मिलेगा

**करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल की योजना के क्रम में गाजियाबाद नगर निगम कार्य कर रहा है। महापौर द्वारा बताया गया कि मानसून से पहले जहां नालों की सफाई कराई जा रही है वहीं दूसरी ओर जल संरक्षण के लिए भी कार्य निगम कर रहा है जिसमें काजीपुरा ग्राम स्थित एक एकड़ के तालाब की सफाई का कार्य भी कराया जा रहा है अन्य क्षेत्र वासियों को भी जल संरक्षण के लिए अपील की जा रही है। काजीपुरा तालाब की सफाई का कार्य होने से ग्राम वासियों को लाभ मिलेगा गंदगी हटेगी आसपास खुशी का माहौल रहेगा, मच्छरों से भी निजात मिलेगी जिसकी समस्या कई बार पार्षद द्वारा बताई गई थी, मानसून से पहले काजीपुरा तालाब को सुरक्षित करते हुए सुसज्जित करने का कार्य तेजी से चल रहा है।

### तालाबों को जीवित रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी : नगर आयुक्त

करंट क्राइम। नगर आयुक्त द्वारा काजीपुरा तालाब के सौंदर्यकरण को बढ़ाने के लिए तालाब के आसपास लगभग पौधारोपण करने के निर्देश दिए गए हैं जिसमें लगभग 200 पौधे लगाने के लिए कहा गया है। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि काजीपुरा के अलावा अन्य ग्राम में भी तालाबों की सफाई के कार्य के लिए योजना बना रही है। तालाबों को जीवित रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। तालाबों नदियों को स्वच्छ बनाए रखें नगर आयुक्त द्वारा अपील भी की जा रही है। काजीपुरा ग्राम वासियों ने गाजियाबाद नगर निगम का धन्यवाद जताया वहीं पॉन्ड मैन रामवीर तंवर द्वारा भी काजीपुरा में पहुंचकर ग्राम वासियों को मोटिवेट किया गया। तालाब के चल रहे कार्यों को भी देखा गया। बताया गया वहां बहुत गंदगी थी अब वह सफाई का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। सामाजिक संस्था का विशेष सहयोग निगम को मिल रहा है। ग्राम वासियों को भी चल रहे कार्यों में सहयोग देने तथा तालाब की सफाई के बाद गंदगी न फैलाने के लिए जागरूक किया गया है। पॉन्ड मैन रामवीर तंवर द्वारा बताया गया कि तालाब को सुंदर बनाने के बाद तालाब के पानी को शोधित रखने के लिए चेंबर भी बनाया जा रहा है।

### तालाब की सफाई के दौरान निकला 40 डंपर कूड़ा, गंदगी से ग्राम वासियों को मिलेगी निजात : पार्षद पवन



करंट क्राइम। पार्षद पवन द्वारा बताया गया कि महापौर तथा नगर आयुक्त की निर्देश अनुसार काजीपुरा में स्थित तालाब की सफाई हो रही है लगभग 40 डंपर सिल्ट व कूड़ा निकल रहा है, तालाब के चारों तरफ फेंसिंग का कार्य तथा तालाब के चारों तरफ पथवे बनाने का कार्य किया जा रहा है, तालाब के अंदर बिल्कुल बीच में पक्षियों के लिए टापू भी बनाया जाएगा जो कि तालाब की सुंदरता को बढ़ाएगा।

### भंडारा समागम



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जनपद बिजनौर नूरपुर विधानसभा के हीमपुर में रविवार को पूर्व मंत्री अशोक कटारिया के यहां भंडारा समागम हुआ। इस अवसर पर पूर्व मेयर प्रत्याशी श्यामवीर चौधरी, पूर्व पार्षद रियासुद्दीन सलमानी, पूर्व पार्षद राजेंद्र तितौरिया, संजीव भाटी, क्षेत्रीय महामंत्री पिछड़ा वर्ग भाजपा उपस्थित रहे।




# महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान के नेतृत्व में निकली 'चलो दिल्ली तिरंगा यात्रा'



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रविवार का दिन गर्व और सम्मान से भरपूर रहा। समाधान शक्ति सामाजिक संस्था के तत्वावधान में भारतीय जनता पार्टी के महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान के नेतृत्व में शालीमार गार्डन स्थित शहीद स्थल से लेकर दिल्ली के इंडिया गेट तक चलो दिल्ली तिरंगा यात्रा में शामिल होकर मातृभूमि के लिए समर्पण का अद्भुत अनुभव किया।

इस राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत यात्रा का दिल्ली में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। दिलशाद गार्डन क्षेत्र में स्थानीय पार्षद वीर सिंह पंवार ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ पुष्प वर्षा कर यात्रा का अभिनंदन किया। इसके अतिरिक्त, दिल्ली भाजपा के विधायक संजय गोयल ने स्वागत किया विभिन्न क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने भी जगह-जगह यात्रा का जोशीला स्वागत किया, जिससे वातावरण देशभक्ति की भावना से भर उठा। देशभक्तों के बलिदान को नमन करते हुए जब हाथों में तिरंगा लेकर कदम आगे बढ़े, तो दिल गर्व से भर उठा। सिंदूर ऑपरेशन की सफलता ने देशभक्ति की भावना को और भी दृढ़ किया।



यह यात्रा पप्पू पहलवान के मार्गदर्शन में और भी प्रेरणादायक रही।

### चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

### दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। शरीर को निरोग रखने का मूल मंत्र योग है। लोहा व्यापार मंडल के अध्यक्ष और शिक्षाविद अतुल कुमार जैन अपनी पोस्ट के जरिए इसी बात का संदेश दे रहे हैं। उन्होंने योग के जरिए खुद को स्वस्थ रखने का संदेश देते हुए अपनी पोस्ट को फेसबुक पर साझा किया। योग निरोग और जीवन शैली को व्यवस्थित रखने का संदेश देती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।